# बहेड़ी में तो हवा गुम

## जितिन-भगवत समेत 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में बंद

**64.1%**

विधानसभा क्षेत्र में शाम 6 बजे तक मतदान

72% हुआ था विधानसभा चुनाव 2022 में

## नहीं दिखा एकतरफा रुझान, मतदान प्रतिशत भी घटा

संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

**अमृत विचार :** पीलीभीत संसदीय सीट के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान इस बार न कोई हवा दिखाई दी न कोई मौसम। सुबह से शाम तक साफ नहीं हो सका कि इस चुनाव में मतदाताओं का रुझान किस तरफ ज्यादा है। लोग खामोशी के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे और वोट डालकर लौट गए। शाम 6 बजे तक कुल 64.1 प्रतिशत मतदान हुआ जो विधानसभा चुनाव 2022 से करीब आठ फीसदी कम था। मतदान खत्म होने के साथ भाजपा के जितिन प्रसाद, सपा के भगवत सरन गंगवार और बसपा के अनीस अहमद उर्फ फूलबाबू समेत 10 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

बहेड़ी के 403 पोलिंग बूथों पर सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। शुरुआत में बूथों पर कतारों के साथ मतदान में तेजी दिखाई दी। नौ बजे तक 11.7 फीसदी मतदान हो गया। यह तेजी इसके बाद भी जारी रही। दोपहर एक बजे तक 39.72 प्रतिशत मतदान हो गया लेकिन इसके बाद सूरज ने आग बरसानी शुरू की तो सन्नाटा पसरने लगा। दोपहर एक से 3 बजे तक काफी कम मतदान हुआ। इसके बाद फिर मतदान ने गति पकड़ी और शाम 5 बजे के आसपास 60 प्रतिशत तक पहुंच गया। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के मुताबिक अंतिम रूप से बहेड़ी में 64.1 प्रतिशत, पीलीभीत में 61.7 प्रतिशत और पूरनपुर में 65.16 प्रतिशत मतदान हुआ। बरखेड़ा में सर्वाधिक 67.41 प्रतिशत और बसपा प्रत्याशी फूलबाबू के गृहक्षेत्र बीसलपुर में सबसे कम 58.96 प्रतिशत मतदान हुआ। पूरे पीलीभीत संसदीय क्षेत्र में 63.39 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव 2019 में 67.38 प्रतिशत मतदान हुआ था।

### आखा गांव में दो सौ लोग नहीं कर पाए मतदान

**बहेड़ी :** गांव आखा में करीब दो सौ लोगों को मतदान किए बिना लौटना पड़ा। दरअसल, शाम छह बजे तक 125 मतदाता मतदान केंद्र में मौजूद थे। करीब दो सौ मतदाता देर से पहुंचे, तब तक मतदान केंद्र का गेट बंद कर दिया गया। इन सभी को मतदान किए बिना लौटना पड़ा। ग्राम प्रधान हीरा सिंह ने बताया कि उनके गांव में 1322 मतदाता हैं। हर बार चुनाव में दो बूथ बनाए जाते थे लेकिन इस बार एक ही बूथ बनाया गया। इस वजह से मतदान में ज्यादा समय लगा और तमाम लोग मतदान से वंचित रह गए। वैसे गांव में 80 से 85 प्रतिशत तक मतदान होता है।



कंपोजिट विद्यालय कन्या सरोजनी नायडू पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

### कस्बे में सुस्ती, गांवों में तेजी से पड़े वोट

ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कस्बे के मुकाबले ज्यादा रहा। प्राइमरी स्कूल बहापुर में बने बूथ पर कुल 696 मतदाताओं में से 306 मतदाता 11 :30 बजे तक मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। पिंदारी अशोक गांव के दोनों बूथों पर 1151 मतदाताओं में से 11 :50 बजे तक 458 मतदाताओं ने वोट डाले थे। ढकिया बूथ पर 12 :30 बजे तक 584 में से 270 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। बहेड़ी के रामलीला धर्मशाला के दोनों बूथों पर 1 :30 बजे तक 1633 में से 667 लोगों ने ही वोट डाले थे।

### ये प्रत्याशी हैं मैदान में

जितिन प्रसाद भाजपा, भगवत सरन गंगवार सपा, अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू बसपा, संजय कुमार भारती राष्ट्रीय समाज दल (आर), राजीव कुमार सक्सेना भारतीय कृषक दल, प्रमोद कुमार पटेल निर्दलीय, सुशील कुमार शुक्ला निर्दलीय, मो. शाहिद हुसैन निर्दलीय, आशीष कुमार निर्दलीय, आदर्श पांडेय निर्दलीय।

## हर बूथ पर भाजपा और सपा के बीच सीधा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बहेड़ी क्षेत्र के ज्यादातर बूथों पर भाजपा और सपा का सीधा मुकाबला दिखा। बसपा अपनी मजबूत उपस्थिति कहीं नहीं दिखा पाई। कहीं सपा तो कहीं भाजपा का जोर दिखा। कुछ जगहों पर भाजपा के वोटों में सपा प्रत्याशी की घुसपैठ भी दिखाई दी। इससे साफ हो गया कि पीलीभीत संसदीय क्षेत्र के इस विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी जितिन प्रसाद और सपा के भगवत सरन गंगवार के बीच ही सिमट जाएगा।

● बसपा नहीं दिखा सकी मजबूत उपस्थिति, कुछ जगह भाजपा के वोटों में सपा की घुसपैठ



केसर इंटर कॉलेज मतदान केंद्र पर भी सुबह के समय मतदाताओं की लंबी लाइन दिखी। ● अमृत विचार

उत्तराखंड से सटे बहेड़ी क्षेत्र के बूथों पर देर शाम तक सपा और भाजपा के बीच ही जोर-आजमाइश होती रही। मंडी समिति, केसर इंटर कॉलेज, एमजी इंटर कॉलेज समेत कई पोलिंग सेंटरों पर वोटर मुखर होकर यह भी बताते रहे कि उन्होंने किसे वोट दिया है और क्यों। रामलीला मैदान मतदान केंद्र पर भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद भी पहुंचे थे। यहां काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। दोपहर में कताई मिल रोड पर एक चाय की दुकान पर कुछ लोगों के बीच स्थानीय बनाम बाहरी पर चर्चा हो रही थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसी मुद्दे पर वोट दिए है। कुछ लोगों ने वरुण गांधी का टिकट काटने पर अफसोस जताया। बोले, उन्होंने कुछ समय पहले इसी चौराहे पर सभा की थी।

### छत्रपाल और अताउर ने भी किया मतदान



**देवरनियां।** बरेली से भाजपा के प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार ने अपने पैतृक गांव दमखोदा में बूथ संख्या 373 पर मतदान किया। उन्होंने लोगों से मतदान करने की भी अपील की। सपा विधायक अताउर्रहमान ने नगर पंचायत रिछा के प्राइमरी स्कूल में पहुंचकर पत्नी, बेटी और छोटे भाई के साथ मतदान किया।

### बिस्तरों पर सन्नाटा, सीधे वोट डालने पहुंचे मतदाता

मतदान केंद्रों के आसपास वैसे तो प्रमुख दलों के प्रत्याशियों की ओर से बिस्तर लगाए गए थे लेकिन उन पर पूरे दिन सन्नाटा ही छाया रहा। पार्टियों के कार्यकर्ता गपशप कर मतदाताओं के रुझान का अंदाजा लगाते रहे। कस्बे में कुछ बिस्तरों पर कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन लोगों ने दो दिन पहले ही मतदाता पर्चियां बांट दी थीं। इस वजह से वोटर बिस्तर पर आने के बजाय सीधे मतदान केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। कहीं असुविधा होती है तो वे मतदान अभिकर्ता या मतदान कर्मियों से बात करके समाधान कर लेते हैं।



**जज्बा: कड़ी धूप में खड़े रहे मतदान के लिए**

सुबह सात बजे मतदान शुरू होते ही बूथों पर कतार दिखने लगी लेकिन जैसे-जैसे तपिश बढ़ती गई, बूथों पर सन्नाटा पसरता गया। महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज में कड़ी धूप में भी लोग मतदान के लिए लाइनों में खड़े नजर आए।

### कैमरा खराब, देर से शुरू हुआ मतदान

बहेड़ी कस्बे के कंपोजिट स्कूल में मतदान की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया था लेकिन उसकी सेटिंग ठीक न होने के कारण करीब 15 मिनट मतदान प्रक्रिया रुकी रही। लोगों ने बताया कि सवा सात बजे मतदान शुरू हो सका।

### मुस्लिम बहुल इलाकों में लगीं लंबी कतारें

बहेड़ी के अधिकांश बूथों पर बुर्कापोश महिलाओं में मतदान के लिए भरपूर उत्साह दिखाई दिया। मुस्लिम बहुल इलाकों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगी दिखाई दीं। वोट डालकर लौट रहे सरबरी बेगम ने बताया कि उन्होंने धर्म या जाति के बजाय उन्होंने विकास के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

### शादी की रस्म पूरी होते ही वोट डालने पहुंचीं सपना

बहेड़ी के बंजरिया में लोकतंत्र के पर्व को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। बंजरिया गांव में गुरुवार को सपना की बरात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार को सपना मंडप से उठकर सीधे कंपोजिट विद्यालय बंजरिया पहुंचीं और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सपना को दुल्हन के जोड़े में देखकर हर कोई हैरान रह गया। सपना ने बताया कि वह मतदान करके महिलाओं को संदेश देना चाहती हैं कि वे मतदान जरूर करें और सरकार चुनने में अहम भूमिका निभाएं।



### बुजुर्गों ने दिखाया युवाओं जैसा जोश

मतदान के लिए बुजुर्गों में भी युवाओं जैसा ही उत्साह दिखाई दिया। सुबह के वक्त लगभग हर बूथ पर बुजुर्ग महिला-पुरुषों की अच्छी-खासी भीड़ दिखाई दी। कई बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता व्हील चेयर या वाकर का सहारा लेकर परिजनों के साथ मतदान करने पहुंचे थे।







### युवाओं ने कहा- रोजगार के लिए किया वोट, महिलाएं बोलीं- महंगाई पर चोट के लिए



बहेड़ी के एक बूथ पर पहली बार वोट डालने आईं दो बहनें मानसी और नैन्सी ने बताया कि उन्होंने जाति या धर्म के बजाय विकास के लिए वोट दिया है। इसमें महिला सुरक्षा का भी मुद्दा शामिल हैं। रामलीला मैदान मतदान केंद्र पर पहली बार मतदान करने आए भाई-बहन अंकित और आरती ने कहा कि वे चाहते हैं कि ऐसी सरकार बने जो युवाओं को रोजगार दे। राजीव पाल ने भी पहली बार वोट डाला। बोले- जिसे वोट दिया है, उम्मीद है कि वह जीतने के बाद विकास करेगा। गृहिणी मधु और उनके साथ की महिलाओं ने बताया कि उन्होंने महंगाई पर चोट करने के लिए वोट दिया है। उम्मीद है जो सरकार बनेगी, वह महंगाई पर नकेल कसेगी।





कन्या सरोजनी नायडू स्कूल पोलिंग बूथ पर पहुंची कमिश्नर सौम्या अग्रवाल।

## बहिष्कार : इनायतपुर के लोगों ने दोपहर तक नहीं डाला एक भी वोट

### ट्रांसफार्मर न लगने पर अफसरों और जनप्रतिनिधियों पर गुस्सा

संवाददाता, बरेली/देवरनियां

● आचार संहिता खत्म होते ही ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन देकर मनाया

● दोपहर डेढ़ बजे के बाद लोगों ने शुरू किया मतदान, शाम छह बजे तक पड़े 431 वोट

**अमृत विचार :** जनप्रतिनिधियों और बिजली विभाग के अफसरों की बेपरवाही ने बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांव इनायतपुर में लोगों को मतदान का बहिष्कार करने के लिए मजबूर कर दिया। लोगों का कहना था कि कई साल से मांग करने के बावजूद गांव में ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है जिसकी वजह से उन्हें स्थाई रूप से बिजली संकट झेलना पड़ता है। चुनाव बहिष्कार की सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ। जल्द ट्रांसफार्मर लगाने का भरोसा दिलाकर लोगों को मनाया गया, तब कहीं दोपहर बाद लोगों ने मतदान शुरू किया।

इनायतपुर के लोगों के मुताबिक उनके गांव में ट्रांसफार्मर नहीं है। पड़ोस के गांव गौंटिया में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे दोनों गांव में सप्लाई दी जाती है। एक ट्रांसफार्मर से दो गांव में बिजली देने से रोज-रोज फाल्ट होते हैं। कुछ समय पहले अफसरों ने गौंटिया में लगे ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 63 केवी करा दी लेकिन इनायतपुर में ट्रांसफार्मर लगाने की पुरानी मांग को अनदेखा कर दिया। इससे नाराज इनायतपुर के लोगों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया। सुबह से दोपहर तक गांव में एक भी वोट नहीं पड़ा। दोपहर को एसडीओ बहेड़ी अमित गंगवार पुलिस के साथ गांव पहुंचे। उन्होंने 2024-2025 के बिजनेस प्लान के तहत इनायतपुर गांव में 63 केवी के ट्रांसफार्मर की मंजूरी का भरोसा दिलाकर मतदान के लिए मनाया। कहा कि आचार संहिता खत्म होते ही ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे लोगों ने मतदान शुरू किया। मतदान खत्म होने तक गांव के कुल 627 मतदाताओं में से 431 ने वोट डाले।



मतदान बहिष्कार के बाद पोलिंग बूथ पर कुछ ही लोग दिखे। ● अमृत विचार

### 20 साल से समस्या से जूझ रहे हैं लोग

इनायतपुर के लोगों के मुताबिक गांव में डेढ़ हजार की आबादी है। वे पिछले 20 वर्षों से गांव में ट्रांसफार्मर और खाली खड़े खंभों पर तार लगाने की मांग कर रहे हैं। नेता और अधिकारी दोनों उन्हें आश्वासन देकर टालते आ रहे हैं। इसी कारण कुछ दिन पहले ही उन्होंने इस बार चुनाव में वोट न डालने का फैसला कर लिया था।



बहेड़ी में कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढकिया मतदान केन्द्र पर पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार

### चुनाव पर गर्मी की मार...

#### 39.3 डिग्री पहुंचा पारा

**बरेली, अमृत विचार :** इत्तफाक था कि शुक्रवार को पहले चरण के मतदान का दिन ही अप्रैल का सबसे गर्म दिन रहा। साफ तौर पर इसका असर मतदान पर पड़ता दिखा। दोपहर के 12 बजे के बाद ज्यादातर मतदान केंद्रों पर सन्नाटा छा गया। इससे तीसरे तरण के लिए बरेली और आंवला में मतदान को लेकर भी आशंकाएं पैदा हो गईं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान लगातार बढ़ेगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री बढ़कर 39 .3 और न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।





उच्च प्राथमिक विद्यालय पिंदारी अभयचंद्र मतदान केंद्र पर भी दिखा सन्नाटा।







### चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों ने लिया जायजा

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत लोकसभा चुनाव सीट को लेकर बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए पुलिस सतर्क रही। आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने मतदान केंद्रों जायजा लिया। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बहेड़ी में मतदान करने के लिए 403 बूथ बनाए गए थे। मतदान के दौरान किसी तरह की कोई विवाद न होने इसके लिए बूथों पर मतदाताओं की कैमरे से निगरानी भी कराई गई। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी गई।



### ईवीएम खराब होने से आधा घंटे प्रभावित हुआ मतदान

देवरनियां क्षेत्र के गांव रहपुरा गनीमत में पोलिंग बूथ पर ईवीएम खराब होने कारण आधा घंटे तक मतदान प्रभावित रहा। मशीन सही होने के बाद मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू हो सकी। इस बीच मतदेय स्थल पर मतदाताओं की भीड़ लग गई।

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :
7906732664, 8445507002

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIII th ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

माँ सरस्वती विद्या मंदिर
9, गोपाल नगर, त्रिमूर्ति भवन, संजय नगर, बरेली
कक्षा N.C. से कक्षा आठ तक
विशेषताएं :-
● विद्यालय का विश्वास क्वालिटी में क्वांटिटी में नहीं।
● योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
● इंग्लिश स्पीकिंग पर विशेष ध्यान।
● समय-समय पर प्रतियोगिताएं।
● कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
सीमित सीटें
प्रवेश प्रारम्भ
M.: 9411007501, 8410361612, 9105307525

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082


Video Recto Scope

The Ano-Rectal Clinic

अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण

Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919





शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


# आईएमसी जिलाध्यक्ष भी चुनाव मैदान में, निर्दलीय के तौर पर भरा नामांकन

## आईएमसी के समर्थन का एलान, नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन तौकीर ने छोड़ा तीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रवीण सिंह ऐरन और सुप्रिया ऐरन समेत कई और ने दाखिल किए अतिरिक्त सेट
- बरेली-आंवला से 24 प्रत्याशियों ने जमा किए 27 पर्चे, दो नामांकन पत्र खरीदे गए

**अमृत विचार :** नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने सियासी तीर छोड़ ही दिया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को बरेली से चुनाव मैदान में उतारा गया है। फरहत ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर पर्चा भरने के बाद एलान किया कि आईएमसी उन्हें समर्थन देगी। आखिरी दिन कुल मिलाकर 24 प्रत्याशियों की ओर से 27 नामांकन कराए गए। बरेली के लिए 13 प्रत्याशियों ने 14 और आंवला के लिए 11 प्रत्याशियों ने 13 पर्चे भरे गए हैं।

बरेली और आंवला सीट के लिए 12 अप्रैल को शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार को पूरी हो गई। शुक्रवार सुबह से आईएमसी प्रत्याशी के नामांकन कराने की सुगबुगाहट होने लगी। एक से डेढ़ बजे के बीच का समय भी दे दिया गया लेकिन ढाई बजे तक नामांकन न होने के बाद कयास लगाए जाने लगे कि शायद पर्चा दाखिल नहीं किया जाएगा। करीब 2:40 बजे कुछ लोगों के साथ पहुंचे आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। पर्चा भरने के बाद बाहर निकले फरहत ने कहा कि उन्होंने निर्दलीय पर्चा भरा है।


नामांकन कराने पहुंचे आईएमसी समर्थित प्रत्याशी फरहत खान। ● अमृत विचार

आईएमसी ने उन्हें समर्थन दिया है।

शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन, उनकी पत्नी सुप्रिया ऐरन ने भी नामांकन पत्र के अतिरिक्त सेट दाखिल किए।

बरेली सीट से मिहिर भोज पार्टी के जगपाल सम्राट, निर्दलीय मनोज विकट, अपना दल एलायंस के रियासत यार खान, ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस पार्टी के मुख्तार अहमद, निर्दलीय बुद्धप्रिय कर्मराज ने एक सेट, राष्ट्रीय सनातन पार्टी के कृष्ण कुमार, निर्दलीय जितेश कुमार गंगवार, नितिन मोहन, जन सेवा सहायक पार्टी (भारत) के मिश्रीलाल, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के भूपेंद्र मौर्य ने भी पर्चा भरा किया।

आंवला से बसपा प्रत्याशी आबिद अली ने अतिरिक्त सेट दाखिल किया। इसके अलावा भारत जोड़ो पार्टी के मो. आमिर खां, अखिल भारतीय राजार्या सभा के मुनेश सिंह, निर्दलीय रामकुमार, छोटेलाल, राष्ट्रीय सनातन पार्टी के मनोज कुमार यादव, निर्दलीय सुनीता, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से पवन कुमार, युवा जनक्रांति पार्टी के बलवान सिंह, निर्दलीय धनपत सिंह ने पर्चा भरा। वहीं नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।

### दोनों सीटों पर कुल 48 नामांकन, आज होगी जांच

पांच दिन चली नामांकन प्रक्रिया बरेली से 28 प्रत्याशियों ने 42 नामांकन और आंवला से 20 प्रत्याशियों ने 27 पर्चे दाखिल किए हैं। इनकी शनिवार को जांच की जाएगी। 22 अप्रैल को नाम वापसी के साथ प्रत्याशियों की संख्या अंतिम रूप से तय हो जाएगी।

## ... तो मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के लिए तौकीर रजा ने चला दांव

- बोले- एंटी मुसलमान एजेंडा चला रही भाजपा को करना है नाकाम
- मुस्लिमों का वोट चाहिए पर साथ नहीं खड़े हो रहे धर्मनिरपेक्ष दल

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हुई मौलाना तौकीर की सक्रियता पर 2010 के दंगे के केस में गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद विराम लग गया था लेकिन सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उन्हें दांव चलने का मौका मिल गया। आईएमसी जिलाध्यक्ष फरहत खान को चुनाव मैदान में उतारने के फैसले को फिलहाल मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण की ही मंशा के तौर पर ही देखा जा रहा है। हालांकि यह देखना बाकी रहेगा कि मौलाना का यह तीर बरेली की चुनावी तस्वीर को बदल पाएगा या नहीं।

फरहत के नामांकन के बाद मौलाना तौकीर ने कहा कि इस चुनाव में भाजपा की साजिशों को बेनकाब किया जाएगा। एक तरफ खुली तानाशाही कर मुसलमानों के खिलाफ एजेंडा चला रही भाजपा को नाकाम करना है। दूसरी तरफ तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल हैं जो मुसलमानों का वोट तो लेना चाहते हैं लेकिन उनके साथ खड़े नही रहना चाहते। मुस्लिम कयादत को खत्म करने की कोशिशें हो रही हैं। मौलाना ने कहा कि ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है जो मुसलमानों के हमदर्द बनकर उनके वोट पर हक जता रहे हैं। शहर के अमन के लिए उनके किरदार भी दागदार हैं जो साजिश रचकर उन्हें नुकसान पहुंचा रहे हैं। आईएमसी के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि मौलाना तौकीर ने निर्देश दिए हैं कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता फरहत के चुनाव प्रचार के लिए घर-घर संपर्क करें। लोगों को उनके वोट की अहमियत को समझाएं और खुद की ताकत। फरहत के नामांकन के दौरान डॉ. नफीस खान, नदीम खान, मुनीर इदरीसी, अफजाल बेग, नदीम कुरैशी, मकदूम बेग, मौलाना एहसानुल हक चतुर्वेदी, तकदीरुल हसन, मुदस्सर मिर्जा, अल्तमश रजा समेत कई लोग मौजूद रहे।

**तौकीर के चुनाव लड़ने की अटकलों पर विराम:** तीन दिन पहले मौलाना तौकीर ने नगर निगम से नो ड्यूज सर्टिफिकेट लिया था तो कयास लगाए जाने लगे थे कि वह खुद चुनाव के मैदान में उतर सकते हैं। शुक्रवार को फरहत के नामांकन से इन अटकलों पर विराम लग गया।

## जनता का मंच

### चुनाव बहिष्कार क्या नेताओं के लिए शर्म की बात है?

**बरेली, अमृत विचार :** देश की जनता को पांच साल में एक बार सांसद-विधायक और सरकार चुनने का मौका मिलता लेकिन फिर भी कई बार लोग चुनाव बहिष्कार जैसे अप्रिय निर्णय ले लेते हैं। लोगों का मानना है कि ऐसी घटनाएं सिस्टम पर बढ़ते अविश्वास का नतीजा है। लोगों की मूलभूत जरूरतों और समस्याओं की प्रत्याशियों और जनप्रतिनिधियों को कोई परवाह नहीं रह गई है। न वे उन पर जनता के प्रति अपनी कोई जवाबदेही समझते हैं। चुनाव बहिष्कार को लोग अंतिम हथियार मानने लगे हैं।


किसी दल ने इलेक्टोरल बांड पर अब तक जवाब नहीं दिया। देश पर कर्जा बढ़ रहा है। कोई प्रत्याशी मुद्दों पर बात नहीं करना चाहता। बहिष्कार जनता का सिस्टम के प्रति विरोध का तरीका है। फिर भी नहीं कहा जा सकता कि जनप्रतिनिधियों को ऐसी घटनाओं पर शर्म आएगी। – **करन**, ट्रांसपोर्टनगर


जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए कि लोग चुनाव बहिष्कार क्यों कर रहे हैं। कारण यह है कि पांच साल में भी वे उनकी मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं कर पाते। चुनाव में भी मुद्दों की बातें नहीं होती। बेरोजगारी, महंगाई और विकास जैसे मुद्दों पर आरोप-प्रत्यारोप चलते रहते हैं। – **मोहम्मद अजहर**, सिविल लाइंस


कहीं मतदान का बहिष्कार होता है तो यह वाकई नेताओं के लिए शर्म की बात है। आजकल हर प्रत्याशी जनता को लुभाने के लिए वादों की बौछार कर रहा है लेकिन मुद्दे की बात करते ही वे पीछे हट जाते हैं। वर्षों गुजर जाते हैं विकास और रोजगार की बातें करते हुए लेकिन नतीजे नहीं दिखते। – **नावेद**, पुराना शहर


किसी जनप्रतिनिधि के इलाके में लोग मतदान का बहिष्कार करते हैं तो यह निसंदेह उसके लिए शर्म की ही बात है। उन्हें सोचना चाहिए कि लोग स्थानीय मुद्दों पर बात न होने से नाराज हैं। या फिर ऐसे प्रत्याशियों को चुनाव में उतारा जा रहा है जिन पर लोगों को भरोसा नहीं है। – **प्रियंका शर्मा**, पवन विहार


आजादी के बाद राजनीति में नैतिकता का लगातार विलोप हो रहा है और अब ऐसा कुछ नहीं रह गया है जो जनप्रतिनिधियों को शर्मसार कर सके। यह जनता का सांविधानिक अधिकार है कि वह मतदान करे या न करे। इसके लिए लोग पूरी तरह आजाद है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी कई बार ऐसा हो चुका है कि जनता ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने देश की जनता को नोटा का भी इस्तेमाल करने का विकल्प दिया है। बहरहाल, जनप्रतिनिधियों को यह जरूर सोचना चाहिए कि मतदान बहिष्कार क्यों हुआ। ऐसी घटनाओं के पीछे लोगों का आक्रोश ही होता है। – **तनय शाह**, असिस्टेंट प्रोफेसर गर्वनमेंट पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज बीसलपुर

## सपा के स्टार प्रचारक बने अताउर, वीरपाल और अगम मौर्य

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश में स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है, जिसमें बरेली के तीन नेता विधायक अताउर रहमान, पूर्व सांसद वीरपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अगम मौर्य शामिल हैं। इसके अलावा 40 नामों की सूची में अखिलेश यादव, जया बच्चन, राम गोपाल यादव, शिवपाल यादव सहित आजम खां आदि का नाम भी शामिल है।

## सीओ पर मतदाताओं से अभद्रता का आरोप

**देवरनिया, अमृत विचार :** चुनाव के दौरान सीओ अरुण कुमार पर रिछा नगर पंचायत के लोगों ने तमाम आरोप लगाए। लोगों का आरोप है कि सीओ डंडा दिखाकर लोगों को तितर-बितर करते रहे। मतदान केंद्र के बाहर भी सीओ ने फोटो लेने से मना कर दिया। आरोप है कि सीओ ने मतदाताओं से अभद्रता की। सीओ को पुलिस कर्मियों ने भी समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानें। सीओ अरुण कुमार का कहना है कि आरोप निराधार हैं। सभी को मतदान करने दिया गया।

## सियासी गतिविधियां...

### छत्रपाल गंगवार ने देहात और शहर में किया जनसंपर्क



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली लोकसभा सीट के भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार ने नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क किया और जनसभाओं को भी संबोधित किया। उन्होंने जगराजपुर, चौखंडी, अल्हैया, मटकापुर, जाजपुर, सुंदरी, फतेहगंज, मधु नगला, किशनपुर, अमीर नगर, मेथी, नवादा, घनौर जागीर आदि गांवों में लोगों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद लिया। लोगों ने जगह-जगह उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। जनसंपर्क के दौरान छत्रपाल गंगवार ने कहा कि बरेली के लोगों का आशीर्वाद और विश्वास भाजपा सरकार के साथ है। वहीं उन्होंने शहर में मेयर डॉ. उमेश गौतम और विधायक संजीव अग्रवाल के साथ बिहारीपुर समेत कई स्थानों पर लोगों से जनसंपर्क किया।

### नीरज मौर्य ने किसानों के साथ काटे गेहूं



**बरेली, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के बरेली लोकसभा सीट के प्रत्याशी नीरज मौर्य ने बिथरी चैनपुर के गांव चुरहा में किसानों के साथ खेत में जाकर गेहूं काटे। उन्होंने आंवला क्षेत्र के गांवों में भ्रमण के दौरान भाजपा सांसद की बीमारी का हवाला देकर मतदाताओं से सपा को वोट देने के लिए कहा। उन्होंने गांव विशनपुरी, दशमपुर, पृथ्वीपुर पट्टी आदि गांवों में भी सभाएं कीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में भाजपा संसद ने विकास के कोई काम नहीं कराए और जातियों को आपस में लड़ा कर एक दूसरे को अपमानित किया है। इस दौरान पूर्व विधायक पं. आरके शर्मा, महिपाल सिंह यादव, अमित राज यादव, सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष शुभलेश यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव गुड्डू, भारती चौहान, मनोहर पटेल, विधानसभा अध्यक्ष इंद्रपाल यादव, अरविंद, भूपेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, सियाराम मौर्य, श्रीपाल सिंह लोधी, वेद प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### वॉलंटियर सम्मेलन में 22 को आएंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



**बरेली, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी 22 अप्रैल को वॉलंटियर्स सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह और महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने शुक्रवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के सोशल मीडिया एक्टिविस्ट से पार्टी के प्रचार-प्रसार के संबंध में बात करेंगे। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने बताया कि सम्मेलन में करीब एक हजार से ज्यादा वॉलंटियर्स शामिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष लोकसभा संचालन समिति की बैठक और कई अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

## प्रत्याशियों के खर्च की जांच के संबंध में 22 को बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के खर्च की जांच के संबंध में 22 अप्रैल को बैठक होगी। मुख्य कोषाधिकारी एवं नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय ने बताया है कि प्रत्याशियों के खर्च संबंधी रजिस्टर की स्कैन कॉपी डीईओ पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में 22 अप्रैल को शाम 6 बजे बैठक होगी। इसमें खर्च संबंधित दिशा-निर्देशों के बारे में बताया जाएगा। बैठक में सभी दलों के और निर्दलीय प्रत्याशी उपस्थित रहें।

## आंवला से बसपा के सिंबल से एक और प्रत्याशी ने भर दिया नामांकन, जिलाध्यक्ष ने की आपत्ति

- कहा- फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भरा पर्चा, कार्रवाई की मांग

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला लोकसभा क्षेत्र से बसपा ने आबिद अली को प्रत्याशी बनाया है। आबिद अली ने गुरुवार को नामांकन भी करा दिया। वहीं दूसरे पर्चे के रूप में शुक्रवार को नामांकन कराया। वहीं सत्यवीर ने भी बसपा से ही नामांकन कर दिया।

बसपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में आया है कि आंवला लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में चस्पा अंतिम प्रत्याशियों की सूची के अनुसार सत्यवीर सिंह निवासी जलालाबाद जिला शाहजहांपुर ने भी बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी के रूप में कूटरचित और फर्जी पार्टी दस्तावेजों के आधार पर पर्चा दाखिल किया है। उन्होंने सत्यवीर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फार्म ए और फार्म बी की प्रतिलिपि भी मांगी। सीडीओ जगप्रवेश ने बताया कि शनिवार को मामले की जांच कर इस संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

## पीएम के 1.2 किमी लंबे रोड शो के लिए बनेंगे 35 ब्लॉक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिल्ली से ही आएगा रोड शो के लिए विशेष रथ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के 26 अप्रैल को होने वाले 1.2 किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए 30 से 35 ब्लॉक बनाए जाएंगे। रोड शो के लिए दिल्ली से विशेष रथ आएगा। सुरक्षा के लिहाज से चार दिन पहले ही एसपीजी आ सकती है। रोड शो स्वयंवर बरात घर से शुरू होकर शहीद पंकज अरोड़ा चौक पर संपन्न होगा।

रोड शो के संयोजक और जिला प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक अलग-अलग लोगों के लिए आरक्षित रहेगा। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए पर्वतीय, मराठी, बंगाली वेशभूषा में खड़े होने वाले लोगों के लिए अलग-अलग ब्लॉक रहेंगे। इसी तरह से महिलाओं का भी ब्लॉक अलग रहेगा। गुरुकुल के बच्चे भी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। घंटे, घड़ियालों के साथ ही शंख की ध्वनि से प्रधानमंत्री का स्वागत करने की भी तैयारी चल रही है। प्रधानमंत्री जिस रथ पर सवार होकर रोड शो करेंगे, वह विशेष रथ दिल्ली से ही आएगा। रथ एसपीजी की निगरानी में रहेगा। एसपीजी 22 अप्रैल की शाम तक आ सकती है। रथ के सजावट का काम स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। रोड शो की तैयारियों के लगातार बैठकें की जा रही हैं।

**बांके बिहारी मंदिर में जाने का कार्यक्रम टला :** रोड शो के सह संयोजक केएम अरोड़ा के मुताबिक रोड शो में नाथ नगरी की झलक भी दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले बांके बिहारी मंदिर में प्रधानमंत्री के माथा टेकने की बात चल रही थी, लेकिन सुरक्षा कारणों से एसपीजी की अनुमति नहीं मिलने से फिलहाल यह कार्यक्रम टल गया है। प्रधानमंत्री का रथ बाएं तरफ से गुजरेगा, जबकि बनाए जाने वाले ब्लॉकों में लोग दाएं तरफ रहकर स्वागत करेंगे। शुक्रवार देर शाम पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यालय पर तैयारियों को लेकर बैठक की।

### प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर नेताओं से पूछा क्या हाल है

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एयरपोर्ट पर चेंजओवर किया। इस बीच यहां पहुंचे जिले के भाजपा नेताओं से हालचाल पूछा और मध्यप्रदेश के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री शुक्रवार को अमरोहा में चुनावी जनसभा करके लौट रहे थे। त्रिशूल एयरपोर्ट पर करीब 11.40 बजे चेंजओवर किया। इस दौरान केएम अरोड़ा, अधिवक्ता अनिल कुमार, सीपीएस चौहान, शालिनी जौहरी, सर्वेश रस्तोगी समेत 15 लोगों ने मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनसे हालचाल पूछा। एयरपोर्ट पर इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

## आधी आबादी की आवाज...

### नारी का भावनात्मक पहलू ही उसकी ताकत


राजनीतिक चेतना को किसी लोकतांत्रिक राष्ट्र के सभी नागरिकों के लिए प्रासंगिक माना जा सकता है। यह चेतना मताधिकार से ही संबंधित नहीं है बल्कि निर्णय लेने की समझ, राजनीतिक सक्रियता और विचारधारा को भी व्यक्त करती है। महिलाएं शिक्षा-नौकरी में तो तरक्की कर रही हैं लेकिन राजनीतिक रूप से उतनी जागरूक नहीं हैं। वे मतदान में भाग लेती हैं लेकिन पुरुष की प्रभुत्ववादी मानसिकता के कारण स्वतंत्रत निर्णय नहीं ले पातीं। ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक निर्णय सर्वसम्मत होता है जो पुरुष ही लेते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला प्रतिनिधियों की बढ़ी भागीदारी कामकाज और प्रदर्शन की भागीदारी में परिवर्तित नहीं हो पाती। यदि प्रयोग किया जाए तो नारी का भावनात्मक पहलू ही उसकी ताकत है और उसका स्वतंत्र निर्णय निश्चित ही राजनीति का रूप बदल सकता है। – **डॉ. फौजिया खां**, असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान रानी अवंतीबाई राजकीय महिला महाविद्यालय

## अगर मैं बन जाऊं प्रधानमंत्री


- जरूरी बदलाव करके रोजगार के अवसर बढ़ाऊंगा।
- प्रशासन को सुधारूंगा ताकि गरीबों को न दबाया जाए।
- देश की खुशहाली के लिए अर्थव्यवस्था को दुरुस्त करूंगा।

**मनोज वर्मा, डिलीवरीमैन**


- लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए काम ताकि वे आत्मनिर्भर बनें।
- बेरोजगारी खत्म करूंगी, छोटे व्यवसायों की मदद करूंगी।
- महिला सुरक्षा का दावा खोखला है, इस पर काम करूंगी।

**मधु, शिक्षिका**


- सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, लोगों को आत्मनिर्भर बनाएंगे।
- हर शहर प्रदूषण से घिरा है, इस पर काम करूंगा।
- जनसंख्या वृद्धि रोकने के लिए योजनाएं बनाऊंगा।

**विशाल अग्रवाल, व्यापारी**


- सांप्रदायिक सौहार्द बनाने के लिए जरूरी प्रयास करूंगा।
- युवा बेरोजगार न रहें, इसके लिए शिक्षा को मजबूत बनाऊंगा।
- बेरोजगारी बड़ी समस्या है, नौकरियों के लिए रास्ते खोलेंगे।

**हरिशंकर पांडे, दुकानदार**

## चुनाव: आधे दिन की ओपीडी, भटके मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** बहेड़ी में मतदान के चलते शुक्रवार को अवकाश रहा। इस दौरान सरकारी अस्पतालों में आधे दिन ओपीडी का संचालन किया गया। बहुत से मरीजों को इसकी जानकारी नहीं थी। जिला अस्पताल में दोपहर बाद ओपीडी में पहुंचे मरीज इलाज के लिए भटकते रहे। आधे दिन की ओपीडी में कुल 800 रोगियों को परामर्श और इलाज मिला, जबकि आमदिनों में मरीजों की संख्या एक हजार से अधिक होती है।

बंदरों का आतंक, लंगूर का लगाएंगे कटआउट : जिला अस्पताल परिसर में बंदरों का आतंक है। सुबह और शाम को बड़ी संख्या में बंदरों का जमघट लगा रहता है। इससे मरीजों को परेशानी होती है। बंदर वार्डों में पहुंच जाते हैं। स्टाफ ने एडीएसआईसी डॉ. अलका शर्मा से इसकी शिकायत की है। वार्डों की छतों पर लंगूर का कटआउट लगाने पर मंथन किया जा रहा है। कर्मचारियों ने भी एडीएसआईसी को लंगूर का कटआउट लगाने की सलाह दी है।

## चुनाव में लगी बस खराब हुई तो अफसर होंगे जिम्मेदार

**बरेली, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में लगी रोडवेज बसों में खराबी आई तो अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। कहा है कि अगर बस में ब्रेकडाउन हुआ तो जिम्मेदारी एआरएम की होगी। बस जाने से लेकर आने तक की सूचना इलेक्शन सेल ऑफिस के वाट्सएप ग्रुप में अधिकारियों को देनी होगी। दरसअल, कुछ दिन पहले रोडवेज बसों से चुनाव के लिए फोर्स भेजा गया था। इनमें से तीन बसें खराब हो गई थीं। बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम ने बताया कि चुनाव में जाने वाली बसों को चेक करने के बाद ही रवाना किया जा रहा है। मुख्यालय के आदेश का पालन कराया जा रहा है।

## कुतुबखाना पुल के पिलर के फाउंडेशन में दरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- व्यापारियों ने डीएम, मेयर और नगर आयुक्त से की शिकायत
- निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल, एक महीने पहले ही पूरा हुआ है निर्माण

**अमृत विचार :** नवनिर्मित कुतुबखाना पुल के पिलर के दो फाउंडेशन में दरार आ गई है। एक माह पहले ही पुल का निर्माण पूरा हुआ था। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। व्यापारियों ने इसकी शिकायत डीएम, मेयर और और नगर आयुक्त से की है। वहीं, सूचना पर सेतु निगम, स्मार्ट सिटी और कार्यदायी संस्था के कर्मी मौके पर पहुंच गए। देर शाम तक दरार भरने का काम किया जा रहा था।

कुतुबखाना पुल का निर्माण मार्च में पूरा हुआ था। करीब 1307 मीटर लंबा सेतु को लेकर कई बार सवाल भी खड़े हो चुके हैं। जब इसके निर्माण का प्रस्ताव रखा गया था, उस समय भी व्यापारियों ने विरोध किया था कि पुल से जाम की समस्या कम नहीं होगी। कार्य पूरा होने के बाद ऐसा हुआ भी, क्योंकि यहां पर आए दिन जाम से लोग जूझते हैं।

शुक्रवार को कुछ व्यापारियों ने पुल के फाउंडेशन में आई दरार की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी और अफसरों से शिकायत की। लोगों का कहना है कि पुल का निर्माण जल्दीबाजी में कराया गया है। इसके कारण दरार आ गई है। पूरे मामले की जांच कराई जानी चाहिए। आरोप है कि मंतेना कंपनी की लापरवाही के कारण फाउंडेशन में दरार आई है।



कुतुबखाना पुल के पिलर के फाउंडेशन में आई दरार। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लॉन टेनिस में 30 खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन



**बरेली, अमृत विचार :** लॉन टेनिस के प्रति खिलाड़ियों का रुझान बढ़ रहा है। स्पोर्ट्स स्टेडियम में 30 से अधिक खिलाड़ियों ने लॉन टेनिस में रजिस्ट्रेशन कराया है। स्टेडियम में तरणताल के पास लॉन टेनिस कोर्ट है। यहां सीनियर-जूनियर मिलाकर 10 से अधिक खिलाड़ी अभ्यास करते थे, लेकिन इस बार खिलाड़ियों की संख्या में वृद्धि हुई है। लॉन टेनिस की प्रशिक्षक मीनू पांडेय ने बताया कि वर्तमान में कोर्ट में अभ्यास करने वाले पांच खिलाड़ियों ने जिला, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में न सिर्फ बेहतर प्रदर्शन किया, बल्कि पदक भी जीता है। आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि लॉन टेनिस में कोच की तैनाती होने से खिलाड़ियों की संख्या बढ़ी है। जिला स्तर भी लॉन टेनिस में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

### नागरिक सुरक्षा कोर ने आग से बचाव के उपाय बताए



**बरेली, अमृत विचार :** सीतापुर आई अस्पताल में शुक्रवार को नागरिक सुरक्षा कोर ने अग्निशमन और प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। इसमें प्रो. चारू मेहरोत्रा ने कहा घर में गैस लीकेज के समय सिलेंडर को गीले कपड़े या कंबल से ढक दें, जिससे उसका हवा से संपर्क रुक जाए और दुर्घटना से बचाव किया जा सके। इस दौरान दिनेश कटियार, राजीव शर्मा, अमित पंत, दिनेश यादव, मोहम्मद उस्मान, अनिल शर्मा, हरपाल, गुरप्रीत, सौरभ मौजूद रहे।

### शिव मंदिर पर हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा



**मीरगंज, अमृत विचार :** मीरगंज के गांव सिल्लापुर में हनुमान मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्रधान और ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन हुआ। पंडितों ने मंदिर हनुमानजी की मूर्ति का विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। इससे पहले ग्रामीणों ने बजरंग बली की मूर्ति को सजाया और शोभा व कलश यात्रा निकाली। ग्राम प्रधान यशवंत चौधरी ने बताया कि अब ग्रामीणों को मंदिर में बजरंग बली के दर्शन हो सकेंगे।

### बिशारतगंज में निकाली गई भव्य कलशयात्रा



**बिशारतगंज, अमृत विचार :** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बालाजी शक्ति धाम रहमानपुर से शुक्रवार को कस्बे में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों ने जगह-पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। बालाजी शक्ति धाम रहमानपुर मंदिर के मुख्य सेवक रामाधार गुप्ता ने बताया कि हवन पूजन के बाद 23 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### थैलेसीमिया : निशुल्क जांच शिविर आज

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए की ओर से थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों के लिए शनिवार को निशुल्क जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। आईएमए अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल ने बताया कि शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक आईएमए भवन में संचालित होगा। शिविर का नेतृत्व दिल्ली के एक निजी अस्पताल के हेमेटो-ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राहुल भार्गव और बाल हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. अरुण दानेवा करेंगे। कोषाध्यक्ष डॉ. निकुंज गोयल, सचिव डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. विनोद पागरानी, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. आरएस भास्कर, डॉ. शिवम, डॉ. रतन, डा. सचिन, डा. महेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

# मोटापा बांझपन का मुख्य कारण, खानपान का रखें विशेष ध्यान

## तीन दिवसीय 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला शुरू, डॉक्टरों ने गर्भावस्था की जटिलताएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, बरेली




रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित कार्यशाला में मौजूद बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल।



नैनीताल रोड पर एक रिसोर्ट में दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं अतिथि।

**अमृत विचार :** बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से शुक्रवार को 35 वीं प्रादेशिक वार्षिक गाइनी कॉन्फ्रेंस और हैंड्स ऑन कार्यशाला की शुरुआत की गई। पहले दिन इस कॉन्फ्रेंस में गर्भ धारण करने या गर्भावस्था के दौरान आने वाली तमाम जटिलताओं पर चर्चा की गई, साथ ही उनके इलाज के बारे में भी बताया गया।

तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का पहला सत्र बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सभागार में लाइव एंडोस्कोपी और क्रिटिकल केयर विधि के विषय पर हुआ। इसका आरंभ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. लता अग्रवाल, प्रति कुलपति डॉ. किरण अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कंचन डालमिया, डॉ. कीर्ति दुबे, डॉ. भारती माहेश्वरी ने किया।

कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान आने वाली जटिलताओं को किस प्रकार एंडोस्कोपी विधि से दूर किया जाता है, वरिष्ठ डॉक्टरों ने मानव डमी के जरिए इस संबंध में अहम जानकारी दी। वहीं, फिटल मेडिसिन, एआरटी कार्यशाला, कॉसमेटिक गाइनिकोलॉजी को लेकर पैनल डिस्कशन में वरिष्ठ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम

- **बरेली ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गाइनोकॉलोजिकल सोसायटी की ओर से हो रहा है आयोजन**

की शुरुआत पदमश्री प्रो. ऊषा शर्मा ने की।

कॉन्फ्रेंस की आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली से आईं वरिष्ठ डॉ. आभा मजूमदार ने कृत्रिम गर्भाधान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं की महावारी रुक गई हैं, जिनके अंडे विकसित नहीं हो रहे हैं, अब ऐसी दवाएं आ गई हैं, जिनसे अंडे विकसित किए जा सकते हैं। ऐसी महिलाएं भी अब मातृत्व सुख प्राप्त कर सकती हैं। मुंबई से आए डॉ. अमित पटकी ने कहा कि मोटापा आज भी बांझपन का सबसे मुख्य कारण है, इसलिए व्यायाम के साथ खानपान का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. मृदुला शर्मा, आयोजन सचिव डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. नीरा अग्रवाल, डॉ. भारती सरन, डॉ. गायत्री सिंह, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. कोमल, डॉ. विम्मी, डॉ. अर्चना, डॉ. मोनिका, डॉ. शबीना, डॉ. रुचिका समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### अब गर्भाशय में भी बच्चे को चढ़ाया जा सकता है ब्लड



नई दिल्ली स्थित एम्स की पूर्व प्रोफेसर डॉ. दीपिक डेका ने बताया कि चिकित्सा पद्धति में लगातार विस्तार हो रहा है। अगर किसी महिला के गर्भ में पल रहे शिशु की जांच करने पर वह एनीमिया (खून की कमी) से ग्रसित मिलता है तो इंट्रा यूट्राइन ब्लड ट्रांसफ्यूजन के माध्यम से गर्भाशय में ही बच्चे को ब्लड चढ़ाया जा सकता है। हालांकि, इस विधि से खून चढ़ाने की आवश्यकता अधिकांश जुड़वां बच्चों में होती है। वहीं अधिकांश मरीजों का अल्ट्रासाउंड जांच कराने पर जोर अधिक रहता है। इसलिए बिना कुशल डॉक्टर की सलाह के जांच न कराएं।

### खांसते समय पेशाब आने और पेट पर पड़े निशानों का कॉस्मेटिक विधि से इलाज संभव



गुरुग्राम से आए वरिष्ठ कॉस्मेटिक गाइनिकोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. नवनीत मग्गों ने बताया कि प्रसव के कुछ साल के बाद ही महिलाओं में खांसते, सोते या फिर कोई शारीरिक गतिविधि करते समय अचानक पेशाब आ जाता है, जिससे महिलाएं घबरा जाती हैं। दूसरों इस बारे में बताने पर भी संकोच करती हैं, इसके साथ ही प्रसव के कुछ दिनों बाद ही पेट पर निशान पड़ने की समस्या महिलाओं में सबसे अधिक है, लेकिन कॉस्मेटिक गाइनिकोलॉजी विधि के माध्यम से इन बीमारियों का इलाज संभव है।

### शादी में देरी करना गर्भधारण में बनता है बाधक



दिल्ली से आईं वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. ज्योत्सना सूरी ने बताया कि अक्सर महिलाएं सही उम्र में शादी नहीं करती हैं, जिसका दुष्प्रभाव उनके मातृत्व सुख में बाधक बन रहा है। तमाम ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें महिलाओं ने 30 से 35 साल के बाद वैवाहिक जीवन में प्रवेश किया। बाद में गर्भधारण करने में उच्च जोखिम उठाना पड़ा, इसलिए जरूरी है कि सही समय पर शादी कर पहले साल में ही गर्भधारण करें। वहीं इस दौरान संयमित खानपान और दिनचर्या से सामान्य प्रसव होने के भी विकल्प काफी बढ़ जाते हैं।

### अवसाद, करियर की चिंता बिगाड़ रही दांपत्य जीवन



आगरा से आईं वरिष्ठ आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. जयदीप मल्होत्रा ने बताया कि लगातार बदलते परिवेश में गर्भधारण करना महिलाओं के लिए चुनौती बन गया है। भागदौड़ भरी जिंदगी और करियर की चिंता के चलते अधिकांश महिला और पुरुषों का दांपत्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके साथ फास्ट और जंक फूड, मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग करना भी पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या को प्रभावित कर रहा है, इसमें सुधार करना बेहद आवश्यक है।

**कॉन्फ्रेंस में आज :** आयोजन सचिव डॉ. लतिका अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को पद्मश्री डॉ. ऊषा शर्मा, डॉ. अमित पटकी, डॉ. आभा मजूमदार, डॉ. शिखा सेठ अन्य डॉक्टरों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।

# डायरी में रोजाना दर्ज करनी होंगी शैक्षिक गतिविधियां

**बरेली, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर करने के लिए शिक्षकों को डायरी तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। डायरी में स्कूल में रोजाना कराई जाने वाली गतिविधियों को दर्ज करना होगा। सभी विषय के शिक्षकों को डायरी में पाठ्यक्रम भी लिखना होगा। इस संबंध में डीआईओएस देवकी सिंह ने भी शिक्षकों को निर्देश जारी किए हैं। जिले में 62 राजकीय और चार सौ एडेड और मान्यता प्राप्त वित्तविहीन स्कूल संचालित हैं। डीआईओएस ने बताया कि स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने और शैक्षिक कार्य से लेकर व्यवस्थाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक लिखा जाएगा। प्रधानाचार्यों को रोजाना शिक्षकों की डायरी जांच करने की जिम्मेदारी दी गई है।

डायरी में शिक्षकों को हर महीने कितना पाठ्यक्रम पढ़ाना है, कितना पढ़ाया जा चुका है आदि सहित कई बिंदुओं को दर्ज करना है। इसकी विभाग की ओर से भी नियमित जांच की जाएगी। अपूर्ण डायरी पाए जाने पर संबंधित शिक्षक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मई और जून में शुभ मुहूर्त नहीं, जुलाई में गूंजेगी शहनाई

**बरेली, अमृत विचार :** मई और जून में विवाह के शुभ मुहूर्त नहीं हैं। ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित के अनुसार सूर्य के राशि परिवर्तन के साथ मांगलिक कार्यों के लिए इस माह में महज 9 दिन ही मुहूर्त हैं। बृहस्पति और शुक्र के अस्त होने के कारण मई, जून में विवाह के मुहूर्त नहीं मिलेंगे। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि शुक्र के कमजोर होने के कारण मांगलिक कार्यों की शुरुआत 18 अप्रैल से हो गई। 29 अप्रैल को शुक्र और 5 मई को बृहस्पति अस्त हो जाएंगे। इसके बाद 7 जुलाई से मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी।

# एस्टोनिया की सिंथेटिक रबड़ पर दौड़ेंगे खिलाड़ी



स्टेडियम में निर्माणाधीन सिंथेटिक ट्रैक। ● अमृत विचार

- **मांसपेशियों में तनाव कम करती है सिंथेटिक रबड़**
- **स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहा है सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण**

**बरेली, अमृत विचार :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक में एस्टोनिया की सिंथेटिक रबड़ का इस्तेमाल किया जाएगा। यूपी सिडको के अफसरों के अनुसार ओलंपिक स्तर की गुणवत्ता के चलते इस रबड़ को प्राथमिकता दी गई है। इसकी खरीद के लिए विभागीय औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का निर्माण हो रहा है। शुरुआत में अफसरों ने रबड़ को लेकर दिल्ली और मुंबई में संपर्क किया, लेकिन गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए इसे विदेश से खरीदने का निर्णय लिया। इसके लिए विदेशों में संपर्क किया। आखिर में एस्टोनिया देश की सिंथेटिक रबड़ को चयनित किया गया। जल्द एस्टोनिया की सिंथेटिक रबड़ पर एथलीट दौड़ लगाएंगे।

जिला एथलेटिक संघ के सचिव साहिबे आलम ने बताया कि सिंथेटिक रबड़ पर दौड़ से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार होगा। यह रबड़ चोट से बचाने के साथ दौड़ते समय एथलीटों की मांसपेशियों के तनाव को भी कम करती है। फिलहाल, शुरुआती चरण में खोदाई का काम पूरा कर लिया गया है।

अफसरों का दावा है कि छह महीने में सिंथेटिक ट्रैक तैयार हो जाएगा। आरएसओ जितेंद्र यादव का कहना है कि सिंथेटिक ट्रैक के माध्यम से खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

# सुपर पावर बनकर दुनिया का नेतृत्व करेगा भारत : प्रणव नंदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कान्फ्रेंस में अतिथियों के साथ स्मारिका का विमोचन करते प्रो. आर के शुक्ला।

**अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में कंप्यूटर तकनीकी पर शुक्रवार से दो दिवसीय अंतर राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस शुरू हो गई। पहले दिन कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने कंप्यूटर तकनीकी के क्षेत्र के विकास और संभावनाओं पर चर्चा की।

कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डा. देवेंद्र झा ने कहा कि कंप्यूटर की सभी पांच पीढ़ियों को उपयोग करने वाले लोग अभी मौजूद हैं। वर्तमान पीढ़ी तकनीकी रूप से बहुत समृद्ध है।

विशिष्ट अतिथि एआई और कम्प्यूटेशनल लैंग्वेज के विशेषज्ञ प्रणव नंदन ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है, देश बौद्धिक संपदा का गढ़ बन चुका है। आने वाले दिनों में सुपर पावर बनकर दुनिया का नेतृत्व करेगा।

- **इन्वर्टिस में कंप्यूटर तकनीकी पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस की शुरुआत**
- **विशेषज्ञों ने कंप्यूटर तकनीकी के क्षेत्र के विकास और संभावनाओं पर की चर्चा**

कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए यह अहम कार्यक्रम है।

इंजीनियरिंग, शिक्षा और पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय के डीन प्रो. आरके शुक्ला ने कहा कि किसी भी शिक्षक को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब उसे खुद अपने विद्यार्थी को सम्मानित करने का अवसर मिलता है।

संयोजक रजनीश पांडेय ने कांफ्रेंस की रूपरेखा प्रस्तुत की। कंप्यूटर विज्ञान एवं तकनीक के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव अग्रवाल ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में कंप्यूटर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम खोजों पर व्यापक चर्चा की जा रही है। इस मौके पर कांफ्रेंस पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया।

कॉन्फ्रेंस का आयोजन कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग की ओर से किया जा रहा है। नरेंद्र पाल सिंह, यशी वाजपेयी, पूर्णिमा अवस्थी, चौधरी रवि सिंह, स्वाती झा, आशीष कुमार शर्मा, कुलदीप वर्मा, नेहा सिंह, अभिषेक कटियार और छात्र मौजूद रहे।



दिवंगत
प्रो. कृपानन्दन जी
(1920-2005)

उन्नीसवां श्रद्धांजलि दिवस
संस्थापक-सर्वोदय विद्या मन्दिर एवं सर्वोदय पब्लिक स्कूल
॥ कोई रास्तों पर चलता है, कोई रास्ते बनाता है॥
आज हम विख्यात शिक्षाविद, क्रांति विचारक एवं पूर्व संस्थापक अध्यक्ष रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय स्थापना समिति-1974 एवं पूर्व विभागाध्यक्ष अंग्रेजी, बरेली कालेज बरेली, प्रो. कृपानन्दन जी को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने अपने प्रगतिशील, कर्मप्रधान, वास्तविक धर्मनिरपेक्ष एवं सादगी भरे जीवन द्वारा हमारे सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया, जो हमें हमेशा कर्तव्य पथ पर चलते रहने के लिए प्रेरित करता रहेगा।
श्रद्धावनत: अशोक सिद्धार्थ (पुत्र), रितु सिद्धार्थ (पुत्रवधू), विवेक, राहुल, गौतम (पौत्र) एवं समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण सर्वोदय विद्या मंदिर, सर्वोदय पब्लिक स्कूल, 592-ए, बालजती, कटरा चांद खां, पुराना शहर, बरेली। मो. 9759009817.

### पशु चिकित्सा दिवस पर आईवीआरआई में होगा निशुल्क टीकाकरण

**बरेली।** आईवीआरआईमें विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि वेटनरी डे पर रेफरल वेटनरी पॉलीक्लिनिक पर निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। बेक्टीरियल, वायरल आदि रोगों पर नियंत्रण करने को लेकर जानकारी के लिए व्याख्यान भी होगा। फोटोग्राफ्री, पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

# मुंह से सांस लेने की आदत बना देगी दांतों की बीमारियों का शिकार

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य सत्यजीत नायक ने बताया कि मुंह से सांस लेना एक सामान्य आदत है, लेकिन इसका सेहत पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। निरंतर मुंह से सांस लेने से दांतों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। मुंह से सांस लेने से गला सूखा रहता है। इस वजह से मुंह में थूक कम बनता है। ऐसी स्थिति में दांतों में कैविटी और मसूड़ों की बीमारी का जोखिम बढ़ा सकता है, क्योंकि थूक दांतों और मसूड़ों को हानिकारक बैक्टीरिया से सुरक्षित करने में मदद करता है।

### ग्रामीणों को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया



ग्रामीणों को दंत रोगों से बचाव की जानकारी देते दंत चिकित्सक।

ओरल हेल्थ माह के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस ने शुक्रवार गांवों में ग्रामीणों को मुख्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस दौरान दंत चिकित्सकों ने चाय पर चर्चा करते हुए लोगों को मुख स्वास्थ्य की देखभाल के बारे में बताया। सांस से आने वाली दुर्गंध के कारण, मसूड़ों की बीमारियां और उनसे बचाव के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# क्रिकेट लीग: हॉस्पिटल राइडर्स और न्यूरो किड्स केयर ने जीते मैच

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से डोहरा रोड स्थित ग्राउंड पर आयोजित जीपीसीए अंडर-19 क्रिकेट लीग में शुक्रवार को हॉस्पिटल राइडर्स और न्यूरो किड्स केयर ने अपने-अपने मैच जीते।

पहले मैच में स्पोर्ट्स हब ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। हास्पिटल राइडर्स ने पहले खेलते हुए निर्धारित 30 ओवरों में चार विकेट खोकर 231 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्ट्स हब की टीम 20 ओवरों में 102 रन ही बना सकी और हॉस्पिटल राइडर्स ने 129 रनों से मैच जीत लिया। इस मैच में 129 रन बनाने वाले सचिन तिवारी प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में न्यूरो किड्स ने जेपी वारियर्स को 61 रनों से हराया। न्यूरो किड्स केयर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 186 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए जेपी वारियर्स की टीम सिर्फ 125 रन बना सकी। प्लेयर ऑफ द मैच अर्पित गंगवार रहे।

### तुलसीमठ में हरिनाम संकीर्तन शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** रामनवमी और एकादशी के उपलक्ष्य में तुलसी मठ स्थित श्री राम मंदिर में शुक्रवार से हरिनाम संकीर्तन शुरू हो गया है। मंदिर के महंत नीरज नयन दास ने विधिवत पूजा अर्चना कर संकीर्तन की शुरुआत की। दूर दराज क्षेत्रों से पहुंचे संतों ने भी कीर्तन किया। डॉ. कमला पांडे, शिवनरेश मिश्र, शिव अवतार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# नियमित अखबार पढ़ें, सरकार की नीतियों पर रखें पैनी नजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सम्मान समारोह में निदेशक डॉ. केबी त्रिपाठी के साथ शोहम टेबड़ीवाल

- **सिविल सेवा परीक्षा में 77 वीं रैंक लाने वाले शोहम ने विद्यार्थियों को तैयारी के महत्वपूर्ण टिप्स दिए**
- **सवालों के भी जवाब दिए, श्रेष्ठ आईएएस कोचिंग संस्थान ने किया सम्मानित**

**अमृत विचार :** यूपीएससी (सिविल सेवा परीक्षा) 2023 में 77 वीं रैंक लाकर जिले का नाम रोशन करने वाले शहर के माधोबाड़ी निवासी शोहम टेबड़ीवाल को शुक्रवार को रामपुर बाग स्थित श्रेष्ठ आईएएस कोचिंग संस्थान में सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में जुटे छात्र-छात्राओं को सफल होने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए।

शोहम टेबड़ीवाल ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए अखबार को नियमित और गंभीरता से पढ़ें, सरकार की नीतियों पर बारीकी से नजर रखें। इसके साथ राष्ट्रीय और अंतर राष्ट्रीय समसामयिक घटनाओं की जानकारी को लेकर सजग रहें। अपने आसपास की प्रमुख घटनाओं पर भी फोकस होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अब सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त पाठ्यक्रम ऑनलाइन साइटों पर उपलब्ध है। पहले यह सुविधा न होने की वजह से तैयारी करना थोड़ा मुश्किल होता था। आर्थिक रूप से कमजोर छात्र भी तैयारी के लिए सभी संसाधन आसानी से जुटा सकते हैं।

कई ऐसे शिक्षण संस्थान हैं, जो पूर्णतया निशुल्क परीक्षा की तैयारी कराते हैं। सोशल मीडिया भी उपयोगी प्लेटफार्म है। कार्यक्रम में विकल तिवारी, अरुण कुमार, जिया उर रहमान, मयंक अग्रवाल, विनीत कुमार, जोया कुमारी, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

### असफल होने पर कमियों पर ध्यान दिया

शोहम टेबड़ीवाल ने विद्यार्थियों के बीच अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सिविल सेवा में जाने का सपना उन्होंने 12 वीं में पढ़ाई के दौरान ही देखना शुरू कर दिया था। आईआईटी मुंबई से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2021 में पहली बार सिविल सेवा की परीक्षा दी, लेकिन वह प्रारंभिक परीक्षा ही पास नहीं कर पाए। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में असफल होने पर वह बिल्कुल हतोत्साहित नहीं हुए। इसके बजाय उनकी तैयारी में जो कमियां थीं उनका आकलन किया और दोबारा अच्छे से तैयारी में जुट गए। अगले साल दोबारा इस परीक्षा में भाग लिया और रेल मंत्रालय के अंतर्गत ग्रुप ए में उनका चयन हुआ, लेकिन इस चयन से भी उन्हें संतुष्टि नहीं मिली। इसके बाद वह फिर तैयारी में जुट गए और तीसरे प्रयास में उन्हें सफलता मिली।

### टाइमटेबल बनाकर की परीक्षा की तैयारी

शोहम ने बताया कि सबसे पहले उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा के प्रारूप को समझा, फिर प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार की तैयारी टाइमटेबल बनाकर की। समाचार पत्र का नियमित अध्ययन किया और उचित पाठ्य पुस्तकों का सहारा लिया। कहा कि उचित मार्गदर्शन के बिना सफलता हासिल नहीं की जा सकती है। बताया कि कोचिंग संस्थान के निदेशक डॉ. केबी त्रिपाठी ने उनका मार्गदर्शन किया।

# पुल नहीं तो वोट नहीं की जिद पर अड़े रहे ग्रामीण, दिनभर मनाते रहे अधिकारी

## जनप्रतिनिधियों से नाराजगी : कोई भी ग्रामीण किसी भी प्रत्याशी का एजेंट तक नहीं बना

संवाददाता, बरखेड़ा पीलीभीत

**अमृत विचार:** भदपुरा ब्लॉक कई गांवों के साथ ही पीलीभीत के पुरैना गांव के लोगों ने कई महिने पहले ही देवहा नदी पर पुल नहीं बनने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी थी, लेकिन अधिकारियों ने आश्वासन देकर उस समय मना लिया था। दरअसल यहां स्वीकृत पुल को दूसरी जगह बनाया जा रहा है, इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। यहीं पुल बनाने की मांग प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों से कर रहे हैं।

शुक्रवार सुबह जब मतदान शुरू हुअ तो पुरैना के लोग बूथ पर नहीं पहुंचे। इसकी जानकारी लगते ही अधिकारियों के होश उड़ गए। इसके बाद दिनभर ग्रामीणों को मनाने का सिलसिला चला। दोपहर में डीएम-एसपी खुद वहां पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, मगर ग्रामीण पुल बनने तक मतदान का बहिष्कार करने का ठान चुके है। मतदान केंद्र पर दिनभर टीमें मतदाताओं के आने का इंतजार करती रहीं, लेकिन कोई वोट डालने नहीं पहुंचा। खास बात यह रही कि यहां का कोई व्यक्ति किसी प्रत्याशी का एजेंट तक नहीं बना, बता दें कि जितिन प्रसाद ग्रामीणों को आक्रोश देखते हुए पुरैना में प्रचार को भी नहीं गए थे। बरखेड़ा क्षेत्र का पुरैना गांव में 932 मतदाता हैं, लेकिन एक भी मतदाता ने वोट नहीं डाला। दरअसल ग्रामीण एक दशक से अधिक समय से गांव के बाहर से गुजर रही देवहा नदी पर पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने भाजपा के बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के आवास के सामने भी धरना दिया था। इसके अलावा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आदि को मांगपत्र दे चुके है। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही ग्रामीण मतदान बहिष्कार की चेतावनी दे दी। अफसरों ने कहा कि प्रशासन उनके साथ है। उनकी बात को शासन स्तर पर प्रमुखता से रखेगा। मगर ग्रामीण किसी तरह के आश्वासन पर मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद अफसर लौट गए। टीम छह बजे के बाद तक मतदान केंद्र पर रही ।


पुरैना में ग्रामीणों की मनाते प्रशासन और पुलिस के अफसर। ● अमृत विचार

- पुरैना गांव में कुल 932 मतदाता किसी ने नहीं डाला वोट
- शाम छह बजे टीम बिना मतदान कराए लौटी

### ग्रामीण बोले- पुल नहीं बना तो आगे भी नहीं देंगे वोट

देवहा नदी पर पुल न बनने से आ रही परेशानी के समाधान के लिए ग्रामीण अबकी बार पूरी तरह से एकजुट होकर मन बना चुके है। उन्होंने साफ कर दिया है कि वह आगे भी किसी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे, फिर चाहे वह प्रधान, विधायक या फिर किसी अन्य जनप्रतिनिधि को चुनने का हो। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक पुल नहीं कोई मतदान नहीं होगा।

## बकसपुर में रास्ते को लेकर हंगामा, पांच घंटे बंद रहा मतदान

**पीलीभीत,अमृत विचार:** प्रशासन की ओर से बकसपुर गांव का रास्ता ऑफीसर्स कॉलोनी की ओर से बंद कराने का मुद्दा मतदान के दिन शुक्रवार को फिर गरमा गया। ग्रामीण रास्ता खोलने की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार कर दिया और कई घंटे तक हंगामा करते रहे। इस दौरान पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों व ग्रामीणों के बीच तीखी बहस हुई। मगर ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे। आखिर में प्रशासन को बैकफुट पर आना पड़ा और दीवार तोड़कर बकसापुर का रास्ता ऑफीसर्स कॉलोनी की तरफ से खोल दिया गया। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे मतदान शुरू हो सका।

कुछ दिन पहले बकसपुर गांव के लोगों का ऑफिसर्स कॉलोनी की तरफ का रास्ता प्रशासन ने बंद करा दिया था। प्रशासनिक अफसरों ने अवैध तरीके से आवाजाही होने की बात कहकर खासी सख्ती दिखाई थी। इसकी शिकायतें करने पर गांव के 50 से अधिक लोगों को मुचलका पाबंद कर दिया गया था। मतदान के दिन शुक्रवार को बकसपुर के ग्रामीणों की ओर से उठाई जा रही मांग मुद्दा बनकर प्रशासन के लिए परेशानी का सबब बन गई। ग्रामीणों ने ऑफिसर्स कॉलोनी की तरफ से रास्ता मिले बगैर वोट डालने से इनकार कर दिया।

## एक नजर

### युवक पर लिखाई बेटी के अपहरण की रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बताया कि 16 अप्रैल शाम करीब 7 बजे उसकी बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे काफी तलाश किया, लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के गांव पदारथपुर निवासी सलमान उसे अपने साथ ले गया है। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी घर में रखे 50 हजार रुपये औ जेवर भी साथ ले गई है। गुरुवार को महिला ने बेटी के साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी होने की आशंका जताते हुए आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस युवती की तलाश कर रही है।

### तस्कर गिरफ्तार, पांच सौ ग्राम अफीम बरामद

**भमोरा, अमृत विचार :** भमोरा पुलिस ने गुरुवार रात चेकिंग के दौरान एक तस्कर को पकड़ा, तलाशी लेने पर उसके पास से पांच सौ ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस टीम गस्त पर थी, बरेली- बदायूं रोड पर नकटपुर मोड़ के पास बने टीन के मकान के पास एक युवक खड़ा मिला, जो पुलिस को देख कर भागने लगा । उसे पकड़ लिया गया , आरोपी ने अपना नाम नेत्रपाल निवासी मझगांवा थाना बिशारतगंज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 500 ग्राम अफीम बरामद हुई पुलिस ने उस पर रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

### पड़ोसी पर लगाया मकान पर कब्जा करने का आरोप

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव रहपुरा जागीर निवासी महिला ने पड़ोसी पर सामान फेंकने बाद घर पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। रहपुरा जागीर निवासी सोमवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह खेत गई थी।दोपहर के बाद घर लौटी तो उसका सामान घर से बाहर उसके पड़ोसी ने फेंक दिया और घर पर कब्जा कर लिया। थाना पुलिस महिला से मिली तहरीर पर जांच कर रही है।

### गांव के ही युवक के साथ चौथी बार गई किशोरी

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक किशोरी गांव के ही प्रेमी के साथ चौथी बार घर से फरार हो गई। किशोरी के पिता ने प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मेरी पुत्री का गांव के ही युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है, जबकि उसके परिवार से उनके मतभेद के चलते बोलचाल नहीं है। जब उनका परिवार गेहूं की फसल काटने खेत गया था तो आरोपी उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब वह घर लौटे तो इसकी जानकारी हुई। पीड़ित पिता रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को बरामद करने और आरोपी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## पांच दिन में चार स्थानों पर हुई चोरी, पुलिस चुनाव में व्यस्त

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार:** पुलिस लोकसभा चुनाव में व्यस्त है, वहीं चोर लगातार चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में पांच दिन में चार स्थानों पर चोरी होने से दहशत है।

कस्बे के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी सय्यद फैजउद्दीन ने बताया कि उसकी जमीन कंथरी गांव के रकवे में हैं। जिसमें निजी ट्यूबवेल लगा हुआ है, गुरुवार रात चोरों ने उसके ट्यूबवेल के कमरे की दीवार में नकब लगाकर स्टार्टर, आपरेटर, यूरिया के दो कट्टे, डीएपी के दो कट्टे और अन्य सामान चोरी कर लिया। उसने बताया कि इससे पूर्व ट्यूबवेल से 29 मार्च 2024 को भी चोरी हो चुकी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं 5 दिन पूर्व चोरों ने राजपुर खुर्द गांव के समीप बने रतन सिंह एडवोकेट और श्यामवीर सिंह के निजी ट्यूबवेल के कमरों में नकब लगाकर केबिल समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। वहीं 17 अप्रैल की रात को कनगांव में पंचायत घर का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैट्री, सीपीयू, सीसीटीवी डीवीआर, आदि सामान चोरी कर लिया। लगातार बढ़ रहीं चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में भय व्याप्त है।

### चोरी का सामान बेचने जा रहा चोर पकड़ा

**रिठौरा, अमृत विचार :** रिठौरा बाजार से दुकान के ताले तोड़कर चोरी करने वाला चोर पकड़ा गया। दरअसल चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी, इस वजह से चोर की पहचान हो गई थी। चौकी प्रभारी सौरभ यादव, दीवान विवेक शुक्ला, कांस्टेबल विशेष कुमार ने मुखबिर की सूचना पर जतिन कश्यप निवासी कृष्णानगर को भंडसर रोड पर पुलिया के पास से पकड़ लिया गया।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

**बरखेड़ा,अमृत विचार:** बरखेड़ा-गजरौला मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि किशोर समेत तीन लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी की। गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम उगनपुर निवासी रामबहादुर का 20 वर्षीय पुत्र प्रदीप कुमार श्रीवास्तव उत्तराखंड के रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करता था। वहां से वह कुछ दिन पहले ही घर आया था। गुरुवार देर शाम वह अपने दोस्त की शादी में शामिल होने बरेली जनपद के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम बरखन गया था। रात को वहीं पर रुक गया। शुक्रवार सुबह किसी वाहन से कस्बा बरखेड़ा पहुंचा। वहां से उसने फोन करके गांव के रहने वाले अपने दोस्त दीपक शर्मा को बुला लिया। इसके बाद दीपक व प्रदीप बाइक पर बरखेड़ा से अपने गांव उगनपुर जा रहे थे। उधर, आमडार गांव निवासी रंजीत पुत्र छोटेलाल के भाई रामू का शुक्रवार को तिलक था।

## शादी में जा रहे किसान को बदमाशों ने मारी गोली

संवाददाता हाफिजगंज

**अमृत विचार :** बाइक से शादी समारोह में शामिल होने जा रहे किसान को पीछे से बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी।घायल किसान ने थाना हाफिजगंज में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज की मांग की।

पुलिस ने घायल को इलाज के लिए भेजकर मामले की गंभीरता से जांच कर रहीं है। किसान ने बताया कि बदमाशों ने पहले रुकने का इशारा किया, जब वह नहीं रूके तो उन्हें पीछे से गोली मार दी। बिथरी चैनपुर के गांव अहियापुर निवासी किसान जितेंद्र ने बताया गुरुवार करीब 8:30 बजे थाना हाफिजगंज के गांव बीसी रमपुरा में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहा था।रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने किसान को रूकने का इशारा किया, लेकिन वह नहीं रुके तभी पीछे से बदमाशों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया और एक फायर किसान के कंधे पर जा लगा। किसान ने बाइक को नहीं रोका और घायल अवस्था में बाइक को तेजी में ले गया पीछे से आ रहे बाइक सवार बदमाश भी वापस लौट गए गांव में जाकर पूरा मामला बताया इसके बाद थाना हाफिजगंज पुलिस को सूचना दी पुलिस ने घायल किसान को उपचार के लिए भेज दिया और मामले की गंभीरता से जांच करना शुरू कर दी । तीन दिन पहले भी इसी गांव के पास में टांडा कटिया मार्ग पर भी गैस सप्लायर से अज्ञात बाइक पर सवार बदमाशों ने लूट कर उसे जमकर पीटा था।।प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया घायल को उपचार के लिए भेज दिया है तहरीर मिली है मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

## सार-संक्षेप

### लू से बीमारों के इलाज के लिए कोल्ड रूम बनाया

**मीरगंज, अमृत विचार :** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार सीएच सी पर 6 बेड के कोल्ड रूम की स्थापना की गई है। जिसमें हीटवेव से ग्रसित मरीजों का इलाज किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वागीश कुमार ने बताया कि सीएचसी पर हीटवेव प्रबंधन के लिए कोल्ड रूम की स्थापना की गई है। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि लू के मुख्य लक्षण घबराहट, चक्कर आना, सुखी त्वचा, तेज सरदर्द, उल्टी आदि है इसके अतिरिक्त तेज बुखार या दौरा पड़ना भी हो सकता हैं। लू से बचाव के लिए नंगे पैर ना घूमे एवं दोपहर के समय घर से निकलने से बचे, बासी भोजन का सेवन न करें और बुखार आने पर ठंडे पानी की पट्टियां रखें।

### ट्यूबवेल के रिसाव से पड़ोसी के खेत में नुकसान

**नवाबगंज, अमृत विचार :** पूर्व प्रधान ने अपने ट्यूबवेल की नाली पड़ोसी के खेत से मिलाकर बना दी, पानी के रिसाव से उसके खेत की फसल चौपट हो गई । पड़ोसी किसान का आरोप है कि शिकायत के बाद भी पुलिस निस्तारण न कराकर पूर्व प्रधान का पक्ष ले रही है। क्षेत्र के ग्राम रिछोला चौधरी निवासी किसान धर्मपाल का आरोप है कि पूर्व प्रधान बड़ा किसान है और उसने दबंगई के बल पर ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने के साथ ही अपने ट्यूबवेल के पानी की नाली उसके खेत से मिलाकर बना दी है। जिसके पानी के रिसाव से उसकी पांच बीघा भूमि जलभराव के कारण बेकार पड़ी हुई है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर करने के बाद जांच को पहुंचे हल्का दरोगा ने उसकी शिकायत को अनसुना करते हुए शांति भंग में कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### सपा के एजेंट और उसके पिता को पुलिस ने पीटा

**बीसलपुर,अमृत विचार :** मतदान केंद्र पर मोबाइल ले जाने से रोकने को लेकर हुई बहस के बाद वैधखेड़ा गांव में हंगामा हो गया। पुलिस ने सपा के बूथ एजेंट व उनके पिता की पिटाई कर दी। इसके बाद काफी ग्रामीण एकजुट हो गए और मतदान के बहिष्कार का ऐलान कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे और पिता-पुत्र को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बातचीत कर मतदान के लिए ग्रामीणों को मना लिया गया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक मतदान बाधित रहा।बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम वैधखेड़ा निवासी राजेश कुमार गांव के मतदान केंद्र पर सपा प्रत्याशी के एजेंट रहे। वह अपना छोटा सा मोबाइल साथ ले गए। सुबह करीब दस बजे राजेश के पिता सोहनलाल वोट डालने के लिए बूथ पर पहुंचे। उनके पास भी मोबाइल था। मतदान केंद्र पर मौजूद फोर्स के जवानों ने मोबाइल पर प्रतिबंध होने की बात कहकर ऐतराज जताया।

### हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से हड़कंप

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** बिशारतगंज में शुक्रवार तड़के अलीगंज-रमपुरा मार्ग से बेहटा बुजुर्ग गांव को जाने वाले रोड को क्रॉस कर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिर गया जिससे सुबह टहलने निकले और खेतों पर काम करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। इसी बीच एक ग्रामीण ने लाइनमैन को सूचना दी और कुछ ही देर बाद लाइन काट दी गई। इसके बाद आनंन-फानन में ही बिजली कर्मियों ने तार जोड़कर सप्लाई चालू कर दी। गनीमत रही की खेतों में आग लगने से बच गई और बड़ा हादसा भी टल गया।

### 16 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव रहपुरा जागीर में गुरुवार रात को करीब 16 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने शक के आधार पर गांव टियर खेड़ा के एक मंदबुद्धि को पकड़कर पुलिस को सौंपा है। गुरुवार रात को गांव रहपुरा जागीर में रामदत्त के 10 बीघा, बुद्धसेन के 3 बीघा,लीलाधर के 3 बीघा गेहूं जलकर राख हो गए।आग की लपटों को देखकर ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की निशानदेही पर पुलिस पास के गांव टियर खेड़ा के युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस उसे दिव्यांग बता रही है।

### शिव महापुराण कथा और दुर्गा पाठ के बाद भंडारा

**भमोरा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत हर्रामपुर में शिव महापुराण कथा और दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया, जिसका समापन 17 अप्रैल को हुआ , इसके बाद यज्ञ के बाद गुरुवार को भंडारा कराया गया। पुजारी तेजपाल ने बताया कि शिव महापुराण का पाठ करने से मनुष्य को सब पापों से मुक्ति मिल जाती है, जो व्यक्ति शिवपुराण का नियमित रूप से पाठ करता है अथवा सुनता है उसके ऊपर सदैव ही महादेव की कृपा बनी रहती है।

### दहेज के मुकदमे में समझौता न करने पर की मारपीट

**शीशगढ़, अमृत विचार :** एक महिला ने बेटी के ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में समझौता नहीं करने पर मारपीट करने और धमकाने का आरोप लगाते हुए आईजी से शिकायत की हैं। जिस पर पुलिस ने लड़का पक्ष के चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। शीशगढ़ कस्बे के मोहल्ला साहूकारा निवासी सुनीता पत्नी बब्लू रस्तोगी ने आईजी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बेटी ने फरवरी में दहेज अधिनियम के तहत ससुराल वालों पर मुकदमा कराया था। तभी से उसका दामाद राजू रस्तोगी , ससूर बबलू रस्तोगी ,शिवा निवासी होली चौराहा कस्बा बहेड़ी और अंकित रस्तोगी निवासी भदईपुरा ऊधम सिंह नगर उस मुकदमे में समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। 25 मार्च को आरोपियों ने मानपुर में उसे व उसके पति को घेर कर हमला कर दिया। राहगीरों को आता देख जान से मारने की धमकी देते भाग गए।

### जेठ-जेठानी ने महिला को घर से निकाला

**आंवला, अमृत विचार :** एक महिला को जेठ-जेठानी ने दो बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। वह एक सप्ताह से मंदिर में शरण लेकर भीख मांगकर पेट भर रही है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। गुलेली गांव निवासी हंसा ने बताया कि उसका पति चूणामणि पानीपत में रहकर मजदूरी करता है। वह दो बच्चों के साथ जेठ-जेठानी और देवर-देवरानी के साथ रहती है। उसने आरोप लगाया कि उसका पति जब गांव आता है तो उसे मारता -पीटता है। बीते सप्ताह उसके जेठ-जेठानी ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। वह मजबूरी में मनौना मंदिर में रह रही है और लोगों से मांगकर अपना और बच्चों का पेट भर रही है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पोस्टर स्पर्धा कराकर वोट देने का दिया संदेश

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के गांव खंजनिया के प्राथमिक विद्यालय में धौरेरा न्यायपंचायत की संकुल बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि कुंवर सेन ने द्वीप प्रज्वलित किया। इस दौरान मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप का पोस्टर प्रतियोगिता और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होने के साथ ही अकादमिक गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण विभिन्न शिक्षकों के द्वारा किया गया। छात्रों ने पोटर और रंगोली से मतदान करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ममता पाल, पल्लवी सहाय, कविता तिवारी का प्रमुख योगदान रहा। संकुल शिक्षक प्रदीप वर्मा, मुन्नालाल, शीवा परवीन, विमलेश गंगवार और नम्रता गुप्ता के द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की। एआरपी राजेंद्र पटेल ने राजधानी से आए निर्देशों को बताया। बैठक में बीडी पटेल, श्रीकृष्ण चक्रवर्ती, राजेश कुमार, अल्ताफ हसन, लक्ष्मी राठौर, हरि नारायण शर्मा, अखिलेश कुमार, जकिया अंसारी, मीतू, नवल, दिग्विजय, रचना , तरुण कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### किसान मोर्चा का सम्मेलन 22 को शेखूपुर में

**सिरौली, अमृत विचार :** किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज पटेल ने सिरौली मंडल की बैठक सिरौली हरि बाबा मंदिर में की। बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही 22 को किसान-अन्नदाता सम्मेलन शेखूपुर विधानसभा में होगा है, जिसकी तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमनदीप ने किया। इस दौरान प्रदीप गुप्ता, संदीप गौड़, नितिन पांडे , रजत राठौर, भानु पुरी, पप्पू वर्मा समेत क्षेत्र के अन्य लोग रहे।

### बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**बदायूं।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मानसिक बीमार बालिका बुधवार दोपहर घर के बाहर टहल रही थी। गांव निवासी व्यक्ति ने उसे पकड़ा और अपने घर ले जाकर बंद कर दिया। किसी ग्रामीण ने छत से व्यक्ति को बालिका के साथ दुष्कर्म करते देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे। बालिका के कपड़े फटे थे। वह बदहवास थी। परिजनों ने आरोपी रामफल को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया।

## चेयरमैन पर लगाया जमीन पर कब्जा करने का आरोप

संवाददाता, भोजीपुरा

**अमृत विचार :** धौराटांडा में चेयरमैन से मारपीट के आरोप को आरोपियों गलत बताया ,वहीं पुलिस ने आरोपियों खिलाफ रिपोर्ट करके आरोपियों की तलाश में जुटी हुई हैं। वहीं दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी जमीन नहीं बल्कि उनकी निजी जमीन को चेयरमैन कब्जाना चाहते हैं।

दूसरे पक्ष ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा निवासी मुईद ने बताया कि कस्बे में आबादी के मध्य गाटा संख्या 465, व 467 कुल रकबा तीन बीघा चार बिस्वा दादलानी जमीन है । सरकारी तालाब उनकी जमीन से सटा हुआ है। तालाब का रकबा करीब छह बीघा है, जबकि मौके पर दस बीघा से अधिक है। आरोप है चेयरमैन नदीम उल हसन उनकी निजी जमीन को तालाब में मिलाकर सौंदर्यीकरण कराना चाहते हैं। इसी बात को लेकर उनका चेयरमैन से विवाद हुआ था। उन्होंने बताया कि कोर्ट से जमीन का यथा स्थिति का स्टे भी मिल कर गया है। स्टे की प्रति प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा और चौकी इंचार्ज धौराटांडा को उपलब्ध करा दी थी।

फिर भी चेयरमैन जमीन कब्जाने के लिए जेसीबी लेकर दो अप्रैल को पहुंच गए और उनकी बुनियाद उखाड़ दी। इस मामले में मुईद ने चेयरमैन नदीम उल हसन और चौकी इंचार्ज धौंराटांडा संजीव यादव नसीर अहमद व रिजवान के खिलाफ कोर्ट में केस किया है। दूसरे पक्ष ने चेयरमैन के साथ मारपीट के आरोपों को निराधार बताया है।

- चेयरमैन ने आरोपियों पर दर्ज कराई थी मारपीट की रिपोर्ट

## बस की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**बदायूं, अमृत विचार :** टंकी फिटिंग का काम करने ककराला जा रहे बाइक सवारों को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। बाइक पर पीछे बैठे युवक का सिर रोडवेज बस के पहिया से कुचल गया। उसकी मौके पर मौत हो गई जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। बस को कोतवाली में खड़ा कराया गया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय के काशीराम कॉलोनी निवासी चंद्रपाल कश्यप (45) पुत्र जालिम प्लंबर थे। वह आसपास क्षेत्रों में जाकर टंकी फिटिंग का काम करते थे। शुक्रवार सुबह वह ककराला क्षेत्र के एक गांव में काम करने के लिए बाइक से जा रहे थे। उनके साथ शहर के मोहल्ला कबूलपुरा निवासी वीरपाल भी थे। वीरपाल बाइक चला रहे थे। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार से आई रोडवेज बस की चपेट में आ गए।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** भमोरा क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह एक महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई, परिजनों ने मौत का कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया। अलीगंज थाना क्षेत्र के गांव कुंवरपुर निवासी महेंद्र पाल ने बेटी राधा (25) का विवाह 7 वर्ष पहले भमोरा थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रामपुर बुजुर्ग के मजरा नाथा गोटियां निवासी धर्मवीर से किया था।

शुक्रवार सुबह धर्मवीर गेहूं काटने गए थे, धर्मवीर की छोटी बहन गुड्डी जब सुबह चाय लेकर कमरे में गई तो देखा उसकी भाभी मृत पड़ी थी, जिसके बाद गुड्डी ने खेत पर जाकर धर्मवीर को सूचना दी। जानकारी होते ही धर्मवीर ने ससुराल कुंवरपुर और रिश्तेदारों को इसके बारे में बताया, इसके बाद अंत्येष्टि की तैयारी की जा रही थी सूचना पर पहुंचे राधा के पिता महेंद्र ने पुलिस को सूचना देकर बेटी की मौत का कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम करने की बात कही। भमोरा पुलिस के साथ सीओ आंवला और फॉरेंसिक टीम ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।धर्मवीर ने बताया शादी के बाद से ही राधा को दौड़ा पड़ते थे, जिससे वह बेहोश हो जाती थी जिसके बाद कई डॉक्टरों को दिखाया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। इस बीच राधा ने दो बेटों की मां बनीं।


महिला की मौत की सूचना पर जांच करने पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

- मौत का कारण जानने परिजनों ने कराया पोस्टमार्टम

परिजनों ने बताया गुरुवार रात दवा खाने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने खाने से इन्कार कर दिया। इस पर पति ने मायके फोन कर उसके परिजनों से बात भी कराई थी और सुबह गेहूं काटने चला गया था । ट्रेनी आई पी एस डॉ. ईशान सोनी ने बताया की कोई तहरीर नहीं आई है । पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी बढ़ते ही रुलाने लगी बिजली कटौती

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली कटौती भी होने लगी है। सूरज की तपिश के साथ ही बिजली की आंख मिचौली भी शुरू हो गई है।

क्षेत्र के गांव में सिमरा बहोनगला गुलरिया जगत रसूलपुर आदि गांव में 36 घंटे से बिजली नहीं आ रही है। इन दिनों देहात क्षेत्रों में 8 से 10 घंटे की कटौती हो रही है, जबकि जिला मुख्यालय से 24 घंटे तहसील पर 20 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली सप्लाई देने के निर्देश है। हालत यह हो गए हैं टीवी फ्रिज कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं। रात रात भर व्यक्ति गर्मी के मारे जागता रहता है और सुबह से ही उसके सिर में दर्द शुरू होने लगता है। देर शाम होते ही बिजली कटौती शुरू हो जाती है जो देर रात तक जारी रहती है। गर्मी में लोड बढ़ने के कारण लोकल फाल्ट की समस्या आम हो जाती है । आपूर्ति बाधित होने पर जिम्मेदार लोकल फाल्ट कहकर किनारा कर लेते हैं। मगर परेशान उपभोक्ता केंद्र को फोन करके आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगाते रहते हैं। बिजली की लुका छुपी का खुलेआम खेल हो रहा है।

### हवा चलने से टूटकर गिर रहे है तार

**आंवला, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन की ओर से जर्जर बिजली के तारों को नहीं बदला जा रहा है, इसलिए हवा चलने से तार आपस में टकराकर शार्ट होकर गिर रहे हैं। इसके साथ ही विभाग की ओर से खेतों से गुजरने वाली लाइनों को वर्तमान में दिन के समय बंद रखा जा रहा है, ताकि किसी तरह की गेहूं की फसल को नुकसान न हो। वहीं थोड़ी सी भी हवा चलने अथवा बूंदाबांदी होने पर घरेलू सप्लाई गुल हो जाती है। आंवला-भमोरा रोड के सेंधा फीडर से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि गुरुवार को दिनभर सप्लाई नहीं मिली हैं।

गांवों में बिजली अच्छे से दी जा रही है, रसूला गांव में बिजली की समस्या की जानकारी मुझे नहीं है, समस्या का हल कराया जाएगा। किसी को भी बिजली कटौती की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। **अक्षय कुमार यादव**,उपखंड अधिकारी भुता

## जरी कारोबारी भाइयों को पीटा रुपये छीनने का भी आरोप

संवाददाता, हाफिजगंज

**अमृत विचार :** पेट्रोल पंप पर फटे नोट को लेकर हुए विवाद में पंप कर्मचारियों ने जरी कारोबारी दो भाइयों से मारपीट की। जरी कारोबारी ने थाना हाफिजगंज में तहरीर देकर दस हजार रुपये छिनने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना हाफिजगंज के गांव डिबावट निवासी अख्तर ने बताया कि वह जरी का कारोबार करता है। गुरुवार रात हाफिजगंज में कोरियर लगाने आया था, वापस जाते समय 9:30 बजे सेंथल मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप पर तेल डलवाने लगा, पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों ने फटा हुआ नोट वापस किया । इसी को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों से पेट्रोल पंप पर मौजूद कर्मचारियों ने मारापीटा। शुक्रवार को जरी कारोबारी ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर दस हजार रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# बदायूं के किसान ने व्यापारी के प्रतिष्ठान पर किया आत्मदाह का प्रयास, हालत गंभीर

## जमीन का विवाद : किसान के भाई ने व्यापारी से खरीदी थी साढ़े पांच बीघा जमीन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में बदायूं जिले के किसान ने जमीन के विवाद के चलते व्यापारी के प्रतिष्ठान पर खुद पर डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास किया। भाई और अन्य लोगों ने किसान को बचाया। पुलिस ने किसान को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घंटों तक चलते उपचार के बाद डॉक्टर ने गंभीर हालत में किसान को मुरादाबाद रेफर कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बहटा अंतर्गत गांव थानपुर निवासी ओमकार ने 2021 में संभल के आनंद विहार कॉलोनी निवासी व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से बदायूं के ही गांव नगला जैतपुर में 11 लाख रुपये में साढ़े पांच बीघा जमीन खरीदी थी। जमीन पर गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन विवाद के चलते उसकी कटाई शुरू नहीं हो सकी है। व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल ने यही जमीन वर्ष 2014 में गांव नगला जैतपुर के नेमपाल से खरीदी थी लेकिन वर्ष 2021 में ओमकार को बेचने के बाद दाखिल खारिज नहीं हो सका। दस्तावेजों में नेमपाल का नाम चला आ रहा है। जिसे लेकर मामला बिसौली में नायब तहसीलदार के यहां चल रहा है। शुक्रवार को सुबह ओमकार और उसका भाई मुकेश व्यापारी के हल्लू सराय तिराहा पर स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। यहां मुकेश ने जमीन के विवाद के लेकर पहले बोतल से डीजल पीया और फिर शरीर पर उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया। हालांकि ओमकार और अन्य लोगों ने मुकेश को रोक लिया। जिसके बाद मुकेश की हालत बिगड़ गई और तड़पने लगा। मौके पर भीड़ जुट गई तो सूचना मिलने पर कोतवाल पवन कुमार पुलिस बल के साथ पहुंच गए। कोतवाल ने व्यापारी हरिकिशन अग्रवाल से मामले की जानकारी की तो उन्होंने कहा कि पूरे मामले में उनका कोई कसूर नहीं है। करीब छह साल तक दस्तावेज में उनके नाम पर ही जमीन रही लेकिन नायब तहसीलदार के स्तर से किसी तरह फिर से नेमपाल का चलने लगा।



संभल में किसान द्वारा आत्मदाह का प्रयास करने के दौरान पानी से उसके शरीर पर लगी आग बुझाता कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पुलिस पहुंची तो आ गए भाजपा नेता

**संभल अमृत विचार :** किसान मुकेश द्वारा आत्मघाती कदम उठाने के बाद जैसे ही सूचना मिलने पर पुलिस व्यापारी के प्रतिष्ठान पर पहुंची तो भाजपा नेता कपिल सिंघल भी आ गए। कोतवाल ने व्यापारी को भी कोतवाली ले जाने के निर्देश पुलिस कर्मियों को दी। बाद में मामले को लेकर स्थिति साफ हुई। कोतवाल ने कहा कि जरूरत पड़ने पर फोन करेंगे तो कोतवाली आना पड़ेगा। हालांकि व्यापारी और भाजपा नेता जिला अस्पताल भी पहुंचे।

### दूसरा पक्ष नहीं काटने दे रहा गेहूं फसल

**संभल अमृत विचार :** किसान ओमकार का कहना रहा कि साढ़े पांच बीघा जमीन में गेहूं की फसल खड़ी है लेकिन दूसरा पक्ष फसल को नहीं काटने दे रहा है। चूंकि दस्तावेज में नेमपाल का नाम आ रहा है। हम इसमें क्या कर सकते हैं। जब व्यापारी को रुपये देकर जमीन खरीदी है तो फिर उस पर उगाई गई फसल को क्यों नहीं काटने दिया जा रहा।

# सिपाही भर्ती परीक्षा के 14 आरोपी गिरफ्तार कई अभी भी फरार

**प्रश्नपत्र लीक मामला**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल रहे 14 अभियुक्त अब पुलिस की गिरफ्त में हैं। इन 14 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महीनों का समय लग गया। इतने ही आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में प्रश्नपत्र लीक कराने में जिन-जिन के नाम पता चले हैं, उनमें से दो आरोपियों को पुलिस ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। जबकि बाकी की धरपकड़ जारी है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में पता चला है कि अभी 10 से 12 और आरोपी हैं, जो पर्चा लीक कराने में शामिल थे।

एसटीएफ ने 5 मार्च को दीप उर्फ दीपक, विट्टू पुत्र दयाराम, प्रवीण पुत्र ओमपाल, रोहित उर्फ ललित, नवीन और साहिल को गिरफ्तार किया था। इन्हीं आरोपियों की निशानदेही पर एसटीएफ ने 12 मार्च को महेंद्र पुत्र रामफल निवासी जींद हरियाणा को गिरफ्तार किया। इसके बाद 14 मार्च को अभिषेक कुमार शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित कुमार पांडेय को गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने इन तीनों की गिरफ्तारी के बाद प्रश्नपत्र लीक कांड का खुलासा भी कर दिया। तीन अप्रैल को मास्टरमाइंड रामनयन मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। 10 अप्रैल को दूसरे मास्टर माइंड रवि अत्री पुत्र गोरख सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस तरह अब तक इस मामले में 14 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने लगभग सबको रिमांड पर लेकर पूछताछ की और बाद में जेल भेज दिया।

इन आरोपियों ने पूछताछ में कई ऐसे नाम बताए हैं, जो अभी फरार हैं। ऐसे आरोपियों की संख्या 10 से 12 बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस की कड़ाई को देखते हुए सभी आरोपियों ने प्रदेश छोड़ दिया है।

## सार-संक्षेप

### वीडियो पर कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**हसनपुर,अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर अपलोड की गई वीडियो पर कमेंट करने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट और पथराव हुआ। दोनों पक्षों के आठ लोग घायल हो गए। दो पक्षों के घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया, तीन घायलों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में गणपत पुत्र टेकचंद ने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड की थी। उस वीडियो पर गांव निवासी रोहित पुत्र भूप सिंह ने कमेंट कर दिया था। इसको लेकर ओमप्रकाश रोहित से बात कर रहा था। इसी बात को लेकर मंगल एवं जयपाल के परिजनों में कहासुनी और मारपीट हो गई। जिसका कुछ ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करा दिया गया। उसके बाद जयपाल पक्ष ने मंगल के घर पर पथराव किया। मारपीट एवं पथराव में गीता पुत्री मंगला, किरणपाल पुत्र मंगला, ओमप्रकाश पुत्र मंगला, मनवाती पत्नी मंगल तथा दूसरे पक्ष के जयपाल पुत्र घासीराम, अजय पुत्र जयपाल, राजा पुत्र जयपाल, सुमन पत्नी जयपाल सहित आठ लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों के घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। उपचार के दौरान मानवती, सुमन एवं जयपाल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है। घायलों को सीएचसी भेज दिया है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### ग्रीष्मकाल में घूमने के लिए रेलवे बोर्ड ने शुरू नई ट्रेन

**चन्दौसी,अमृत विचार :** रेलवे बड़ौदा हाउस ने जनता की मांग को देखते हुए पुनः टनकपुर से दौराई (राजस्थान) जाने वाली ट्रेनों का संचालन आरंभ करने का निर्णय लिया। यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन अप व डाउन करेगी। उक्त ट्रेन संचालन यात्रियों को गर्मियों में सुविधा के लिहाज से किया जा रहा है। यह ट्रेन दोनों ओर से 30-30 फेरे लगाएगी। रेलवे स्टेशन अधीक्षक आशीष कुमार मिश्रा ने बताया कि रेलवे बड़ौदा हाउस ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए वाया चन्दौसी होकर टनकपुर से दौराई जाने के लिए एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन टनकपुर से दौराई (राजस्थान) के बीच चलाई जा रही है। टनकपुर से दौराई जाने वाली ट्रेन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को जाएगी। वहीं दौराई से मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को वापस टनकपुर पहुंचेगी। उ 14 आरोपी गिरफ्तार, कई अभी भी फरारर के साथ घूमने में परेशानी का सामना न करना पड़े। अब गर्मियों की छुट्टियों में चन्दौसी की जनता को पूर्णागिरि, खाटूश्याम जाने के लिए परेशानी नहीं होगी। यह ट्रेन दौराई से चन्दौसी शाम 5.10 बजे पहुंची और 5.15 बजे आगे के लिए रवाना होगी। जबकि टनकपुर से रात 11.25 बजे चन्दौसी पहुंचेगी और 11.30 बजे आगे के लिए रवाना होगी।

### तीसरे चरण में 85 प्रत्याशियों ने नामांकन किया

**लखनऊ ,अमृत विचार :** तीसरे चरण में 10 लोकसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव में शुक्रवार को 85 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। लोकसभा क्षेत्र सम्भल में 12, हाथरस (अजा) में सात, आगरा (अजा) में छह, फतेहपुर सीकरी में सात, फिरोजाबाद में 11, मैनपुरी में सात, एटा में पांच, बदायूं में नौ, ऑवला में 11 व बरेली में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

### गेहूं की बाली बीनने गई किशोरी से छेड़छाड़

**खुटार, अमृत विचार :** गेहूं कटाई के बाद खेत में बाली बीनने गई किशोरी को दो युवकों ने गलत इरादे से पकड़ने का प्रयास किया। विरोध करने पर किशोरी की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। बचाने पहुंचे पिता के साथ गाली-गलौज की। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ आदि धाराओं में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 अप्रैल को उसकी 16 वर्षीय पुत्री गांव के बाहर खेत में गेहूं की बाली बीनने गई थी। उसी समय गांव नवदिया मनकंठ निवासी आनंद और अनुराग भी वहां पहुंच गए और बेटी को अकेला समझकर उसे गलत नीयत से पकड़ने का प्रयास किया। बेटी ने विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने उसकी लात-घूंसों से पिटाई कर दी। किशोरी के पिता ने बताया कि इसी बीच वह भी मौके पर पहुंच गया, तो आरोपियों ने उससे भी गाली-गलौज की। इसके बाद पीड़ित व्यक्ति अपनी पुत्री को लेकर थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना शारदा नगर पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने शुक्रवार को चालान कर कोर्ट में पेश किया, जहां से अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। गांव रेंगवा निवासी पिंकू पर छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया था, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी।

# इधर बेटी की डोली उठी उधर मां की निकली अर्थी

● इकलौती बेटी की विदाई के बाद रोते-रोते बेसुध हो गईं अच्छी देवी

संवाददाता,पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** इकलौती बेटी की शादी करने के बाद विदाई कर मां इतना रोई कि बेसुध हो गई। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

जनपद बदायूं के थाना उझानी के गांव नरहू के रहने वाले उमेश की बेटी माही की शादी गुरुवार को पूरनपुर के मोहल्ला चौक निवासी राजेश के बेटे शिवम से हुई। शादी के लिए उमेश परिजनों के संग बेटी को लेकर गुरुवार को दिन में पूरनपुर पहुंच गए। आर्यसमाज धर्मशाला में माही व शिवम की धूमधाम से शादी हुई। बेटी की शादी को लेकर उमेश और उनकी पत्नी अच्छी देवी बहुत खुश थे। शुक्रवार सुबह परिजनों व रिश्तेदारों के साथ अच्छी देवी ने बेटी को भीगी पलकों से विदा किया। बेटी की विदाई के बाद अच्छी देवी इतना भावुक हो गईं कि रोते-रोते बेसुध हो गईं। परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए।

## शहरी क्षेत्रों का जियो स्पेशल डाटाबेस कार्य पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के सभी 783 नगर निकायों का मानचित्र व 14,455 वार्डों का तैयार किया जा रहा जियो-स्पेशल डाटाबेस कार्य पूर्ण हो गया है। जिसे जनगणना कार्य निदेशालय ने स्थानीय निकाय निदेशालय के साथ मिलकर तैयार किया है। जनगणना निदेशक शीतल वर्मा ने शुक्रवार को निकाय निदेशक नितिन बंसल को स्पेशल डाटाबेस सौंप दिया है। जनगणना निदेशालय की निदेशक ने बताया कि शहरों में स्थापित निकायों एवं वार्डों के नक्शों का डिजिटलाइजेशन किया गया है।

# घुमंतू परिवार के बच्चों को शिक्षित कर रहा सेवा भारती

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आरएसएस से संबद्ध राष्ट्रीय सेवा भारती ने शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की अनोखी पहल शुरू की है। गोलाघाट, करौंदिया समेत कई बस्तियों में निर्धन वर्ग के बच्चों को इकट्ठा करके पढ़ाने के साथ उनका नजदीकी विद्यालयों में नामांकन कराया जा रहा है।

कोतवाली नगर के गोलाघाट पर बांस का कार्य करने वाले (धरिकार बिरादरी) के बच्चों को शिक्षित करने के लिए सेवा भारती की ओर से कक्षाएं शुरू की गई हैं। सेवा भारती के जिला महामंत्री डॉ सुनील त्रिपाठी ने बताया की राष्ट्रीय सेवा भारती की तरफ से महाराणा प्रताप बाल संस्कार केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसमें जो बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है, उनको शिक्षित किया जाएगा। सभी बच्चों को पाठ्य सामग्री भी निशुल्क मुहैया कराई जा रही है। शुक्रवार की सुबह विभाग संचालक डॉ एके सिंह ने गोलाघाट स्थित केंद्र पर पहुंचकर बच्चो को प्रेरणादायक बातें एवं कहानियां सुनाई।

## पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दियाः अखिलेश

**लखनऊ,अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के सिकन्दराबाद में सपा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. महेन्द्र सिंह नागर के समर्थन में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि पहले चरण में ही पश्चिम की हवा ने भाजपा का सफाया कर दिया है। भाजपा का पहला शो ही फ्लॉप हो गया है। भाजपा का झूठ और लूट जनता के सामने उजागर हो गया है। पिछले दस साल में इतना झूठ किसी ने नहीं बोला है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक जनता भाजपा का सफाया करेगी।

# निर्वाचन ड्यूटी पर जाने वाले होमगाड्र्स को किया जाएगा अग्रिम भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** शासन की ओर से लोकसभा चुनाव ड्यूटी करने वाले होमगाड्र्स स्वयंसेवकों (वॉलंटियर्स) के ड्यूटी भत्ते के अग्रिम भुगतान की स्वीकृति दे दी गई है। इसके तहत निर्वाचन ड्यूटी में तैनात किए जाने वाले होमगाड्र्स को ड्यूटी भत्ते के मद में प्राविधानित धनराशि का 40 प्रतिशत अग्रिम के रूप में भुगतान किया जाएगा। पूरे राज्य में इस व्यवस्था को लागू किए जाने से निर्वाचन ड्यूटी में जाने वाले होमगाड्र्स को काफी राहत मिलेगी।

इसके माध्यम से वह ड्यूटी पर जाने से पूर्व अपने परिजनों की जरूरतों को पूरा कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकेंगे। इस बार गृह जनपद के साथ-साथ इन्हें दूसरे जिलों में भी चुनाव ड्यूटी पर भेजे जाने की तैयारी है।

होमगार्ड विभाग के मंत्री पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि इस बार चुनाव में करीब 50 हजार होमगाड्र्स की विभिन्न चरणो में चुनाव ड्यूटी लगाई जाएगी। ऐसे में होमगाड्र्स विभाग द्वारा इन्हें अग्रिम भुगतान दिए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था।

इस क्रम में शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के इनकम एक्सपेंडीचर के तहत प्राविधानित धनराशि 2634 करोड़ 39 लाख रुपए की स्वीकृति पहले ही दी जा चुकी है।

## शाहजहांपुर में पेट्रोल पंप पर ट्रक से 320 लीटर डीजल चोरी, गिरोह सक्रिय

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** वाहनों से डीजल चुराने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। कटरा-जलालाबाद स्टेट हाइवे पर पेट्रोल पंप पर खड़े ट्रक की टंकी से चोरों ने लगभग 320 लीटर डीजल चोरी कर लिया। चालक ने कटरा थाने में तहरीर दी है। बरेली के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर निवासी इकबाल खां कंटेनर चालक है। उसने बताया कि गुरुवार की रात 11 बजे ट्रक लेकर रुद्रपुर से लखनऊ जा रहा था। उसे नींद आ जाने पर जलालाबाद-कटरा मार्ग पर खैरपुर गांव के सामने पेट्रोल पंप पर ट्रक खड़ा कर दिया और ट्रक के केबिन में सो गया था।

## उत्तराखंड

# उत्तराखंड की पांचों संसदीय सीटों पर 54.01 प्रतिशत मतदान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान संपन्न हो गया। शाम पांच बजे तक राज्य में करीब 54.01 फीसदी मतदान हुआ। इसी के साथ ही पांचों संसदीय सीटों पर 55 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।

राज्य में पहले चरण के साथ शुक्रवार को सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ, जो देर शाम समाप्ति तक जारी रहा। राज्य में मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। कहीं से भी छिटपुट घटना की सूचना नहीं है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगने लगीं थी, लेकिन दोपहर में गर्मी बढ़ जाने से मतदान धीमा हो गया। राज्य की पांचों संसदीय सीटों में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट पर सबसे ज्यादा 59.36 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, कांग्रेस के प्रकाश जोशी समेत 10 उम्मीदवार मैदान में हैं। अल्मोड़ा में 44.43 फीसदी मतदान हुआ। यहां भाजपा के अजय टम्टा व कांग्रेस के प्रदीप टम्टा में सीधा मुकाबला है, इस सीट से 7 दावेदार हैं।

हरिद्वार में 59.01 फीसदी मतदान हुआ। यहां मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है। भाजपा से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बेटे वीरेंद्र रावत, निर्दलीय विधायक उमेश कुमार समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। टिहरी सीट पर 51.01 फीसदी मतदान हुआ। इस सीट से राजपरिवार की बहू माला राज्य लक्ष्मी शाह भाजपा और जोत सिंह गुनसोला कांग्रेस के टिकट पर चुनावी मैदान में हैं। यहां से निर्दलीय बॉबी पंवार ने आक्रामक प्रचार कर चुनाव को रोचक बना दिया। इस सीट से 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। सबसे कम मतदान गढ़वाल सीट पर 48.79 फीसदी हुआ। प्रदेश की सबसे हॉट यह सीट शुरुआत से ही चर्चा में रही। इस सीट पर भाजपा के मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल बलूनी और कांग्रेस के गणेश गोदियाल में सीधी टक्कर रही। बलूनी को जिताने के लिए भाजपा के प्रमुख दिग्गजों ने सभाएं कीं तो वहीं गोदियाल अंकिता भंडारी हत्याकांड समेत स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता के पास गए। इस सीट पर 13 प्रत्याशी चुनाव लड़े हैं।



हल्द्वानी में लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए कतार में खड़ीं महिला मतदाता। ● अमृत विचार

## बस और टैक्सियां न मिलने से दिनभर परेशान रहे यात्री

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के चलते आम यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को मतदान होने के चलते यात्रियों को पर्वतयी रूटों के लिए न ही टैक्सी मिली न ही बस मिल पाई। इससे यात्री खासा परेशान दिखे इन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वाहन नहीं मिल पाए। इसमें नैनीताल, भीमताल, रामनगर, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, चंपावत समेत अन्य पर्वतीय रूटों पर टैक्सियां व बसों का संचालन नहीं हो पाया। चुनावी ड्यूटी के लिए बसों व टैक्सियों का अधिग्रहण प्रशासन की ओर से किया गया।

# रेलवे लाइन किनारे बसी झुग्गी बस्ती जली, मची चीख-पुकार

● बाजपुर और किच्छा में भी खेतों में लगी आग, गेहूं की फसल राख

कार्यलय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देर रात बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रेलवे क्रोसिंग के पास बड़ा अग्निकांड हो गया। रेलवे फाटक किनारे बनी झुग्गी रात चली तेज हवाओं के साथ धधक पड़ी। पॉलीथिन, लकड़ी और टिन की झुग्गियां पल भर में एक के बाद एक जलने लगी। दमकल, पुलिस और स्थानीय लोगों की भारी मशक्कत के बाजवूद आग काबू नहीं हुई। किसी के जान जाने की सूचना नही है लेकिन 15 से 20 झोपड़ियों और माल का भारी नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार चोरगलिया रोड में रेलवे क्रोसिंग के पास चिराग अली शाह बाबा की दरगाह के पास देर रात अचानक आग लग गई। इस जमीन पर पहले बुध बाजार लगती थी। जिस वक्त यह घटना हुई, लगभग तूफानी हवाएं चल रही थीं। आग ने देखते देखते कई झोपडियों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और अफरा तफरी का माहौल हो गया।

बच्चे, महिलाएं और पुरुष चीखते पुकारते यहां-वहां भागने लगे। सूचना मिलते ही एक के बाद एक दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां पहुंच गईं।



बनभूलपुरा में झुग्गियों में लगी आग।

# बूथ चेक करने जा रहे डॉक्टर की कार खाई में गिरी, मौत

● सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में तैनात थे डॉक्टर गौरव कांडपाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दौरान बूथों का निरीक्षण करने जा रहे चिकित्साधिकारी की कार गागरी-रामगढ़ के बीच गहरी खाई में गिर गई। गंभीर रूप से घायल डॉक्टर को सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



अंबिका विहार फेज टू भोटिया पड़ाव निवासी डॉ. गौरव कांडपाल (48) पुत्र स्व. बंशीधर कांडपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थे। वह जिला हेल्थ इलेक्शन प्लान के मेंबर भी थे। बताया जाता है कि डॉ. गौरव शुक्रवार सुबह घर से जल्दी निकले थे। स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी खत्म करने बाद वह अपनी कार से बूथों का निरीक्षण करने चले गए। गागरी और रामगढ़ के बीच एस मोड़ पर उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। डॉ गौरव को खाई से निकाल कर सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## गदरपुर में आधे घंटे मतदान बाधित

**गदरपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्वक रहा। इस दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के बूथ नंबर 57 एवं 62 में मशीन खराब होने की वजह से करीब आधा घंटा मतदान रुका रहा। शुक्रवार को नैनीताल-उधम सिंह नगर लोकसभा चुनाव के लिए मतदान सुबह सात बजे से प्रारम्भ हुआ। नगर में चार मतदान केन्द्रों में 15 बूथ बनाये गये। जिसमें ब्लाक कार्यालय मतदान केन्द्र में एक बूथ 113 बनाया जिसमें 635 मतदाताओं में से 478 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्राथमिक विद्यालय गदरपुर मतदान केन्द्र पर पांच बूथ बनाए गए।

# फास्ट फूड की दुकान में शराब बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में शराब की दुकानें और शराब की अवैध बिक्री पर प्रशासन ने तीन दिन तक प्रतिबंध लगाया था। बावजूद आदर्श कॉलोनी घास मंडी में आबकारी की टीम ने छापा मारकर फास्ट फूड की दुकान से अंग्रेजी व देशी शराब के कई पव्वे बरामद किए और मौके से एक युवक को भी गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार को छापे के बाद आबकारी निरीक्षक महेंद्र बिष्ट ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए 17 से 19 अप्रैल तक शराब की सभी दुकानें और बिक्री पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद मतदान के दिन सूचना मिली कि आदर्श कॉलोनी घासमंडी स्थित एक फास्ट फूड की दुकान में खुलेआम शराब की बिक्री हो रही है। इस पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश देकर मौके से 52 पव्वे अंग्रेजी शराब और पांच देशी पव्वे बरामद किए हैं। टीम ने मौके से आलोक नाम के एक युवक को भी गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि शराब बेचना आचार संहिता का उल्लंघन करना है। नियमों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### 96 पव्वे शराब के साथ महिला को पकड़ा

**पंतनगर।** मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार की शाम पंतनगर थाना पुलिस ने नगला गोलगेट में अपने घर से शराब बेच रही एक महिला को अंग्रेजी शराब मैकडावल्स के 96 पव्वे के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में महिला ने अपना नाम पिंकी पत्नी राहुल दास ताया। उसने लोकसभा चुनाव के चलते शराब के ठेके बंद होने के कारण अंग्रेजी शराब को मंहगे दामों मे बेचकर मुनाफा कमाने की बात कही। एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि महिला का 60 एक्साइज एक्ट में चालान कर दिया गया है।

### बाजपुर में 30 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल राख

**बाजपुर/किच्छा, अमृत विचार :** खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। किसानों ने ट्रैक्टर इत्यादि चलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया। अग्निकांड में 25 से 30 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल आग की भेंट चढ़ गई। इससे किसानों को करीब 20 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। विकासखंड क्षेत्र बाजपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गजरौला, इटव्वा क्षेत्र में स्थित ग्राम जोगीपुरा निवासी पूर्व प्रधान बलवीर सिंह, ग्राम बैंतखेड़ी निवासी इंदर सिंह व ग्राम गजरौला निवासी सुखचैन सिंह, लखविंदर सिंह, जसवंत सिंह आदि सहित 9-10 किसानों के गेहूं के खेत में शुक्रवार को दोपहर के समय अचानक आग लग गई। इस अग्निकांड में किसानों की 25 से 30 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। उधर, किच्छा में कोतवाली अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम गिद्धपुरी में गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। तेज हवाओं के कारण कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। करीब साढ़े 12 एकड़ खेत में गेहूं की तैयार खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

